ज्ञानामृत

यह सच है कि पानी में तैरने वाले ही डूबते हैं, किनारे पर खड़े रहने वाले नहीं, मगर ऐसे लोग कभी तैरना भी नहीं सीख पाते।

▶▶ वल्लभभाई पटेल

राष्ट्र को समर्पित

# विजय मत

मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ से प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र

www.vijaymat.com | भोपाल, सोमवार, 23 जून 2025 | वर्ष- 10 | अंक- 189 | पेज- 08 | मूल्य- ₹5.00/-

## अमेरिका ने ईरान के एटमी ठिकानों पर किया हमला


# अमरीकी बी-2 बॉम्बर ने ईरान के 3 एटमी ठिकानों पर बरसाए बम

- पश्चिम एशिया में और बिगड़े हालात
- पेंटागन बोला- अमेरिका ने ईरान के परमाणु केंद्रों पर गिराए 14 बंकर-बस्टर बम
- सऊदी अरब ने अमेरिकी हमलों के बाद ईरान से संयम बरतने को कहा
- पाकिस्तान ने ईरान पर अमेरिकी हमलों की निंदा की
- ईरान ने अमेरिका-यूरोप पर दोहरा रवैया अपनाने का आरोप लगाया
- रूस बोला- यही हाल रहा तो ट्रम्प को कभी नोबेल नहीं मिलेगा
- अमेरिकी रक्षा मंत्री बोले- ईरान ने हमला किया, तो करारा जवाब देंगे

**तेहरान/तेल अवीव, एजेंसी**

अमेरिका ने ईरान में 3 परमाणु ठिकानों पर हमला किया है। ये ठिकाने फोर्डो, नतांज और इस्फहान हैं। हमला भारतीय समयानुसार रविवार सुबह 4:30 बजे हुआ। ईरान पर हमले के करीब 13 घंटे बाद अमेरिकी रक्षा मंत्रालय ने हमले की डिटेल दी है। जॉइंट चीफ ऑफ स्टाफ जनरल डैन केन ने बताया कि इस मिशन में 125 एयरक्राफ्ट शामिल थे। इस ऑपरेशन में 7 बी-2 स्टेल्थ बॉम्बर्स ने हिस्सा लिया, जिन्होंने ईरान के फोर्डो और नतांज न्यूक्लियर ठिकानों पर करीब 1400 किलो वजनी बस्टर बम गिराए। ट्रम्प बोले- ईरान के न्यूक्लियर साइट्स तबाह किए इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने देश को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि ईरान की अहम न्यूक्लियर साइट्स 'obliterate' यानी कि पूरी तरह से तबाह कर दी गई हैं। फोर्डो पर बमों की एक पूरी खेप गिरा दी गई है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने ईरान को धमकी देते हुए कहा कि अब उसे शांति कायम करनी चाहिए। अगर वह ऐसा नहीं करता है, तो उस पर और बड़े हमले किए जाएंगे।

### 125 जेट भेजे, इनमें 7 बी-2 बॉम्बर



### ईरान में अब तक 657, इजराइल में 24 की मौत

इजराइल-ईरान के बीच जारी संघर्ष का आज 10वां दिन है। अमेरिका स्थित ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट्स न्यूज एजेंसी के अनुसार, ईरान में 13 जून से अब तक 657 लोगों की मौत हुई है और 2000 से ज्यादा घायल हैं। हालांकि ईरान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने सिर्फ 430 नागरिकों के मारे जाने और 3,500 लोगों के घायल होने की पुष्टि की है। वहीं, इजराइल में 21 जून तक 24 लोग मारे गए हैं, जबकि 900 से ज्यादा घायल हुए हैं।

### ईरान में चले ऑपरेशन का नाम 'ऑपरेशन मिडनाइट हैमर', 125 से ज्यादा जेट्स शामिल

अमेरिका में जॉइंट चीफ ऑफ स्टाफ चीफ जनरल डैन केन ने कहा कि ईरान में चले ऑपरेशन का नाम 'ऑपरेशन मिडनाइट हैमर' था। इसमें 125 से ज्यादा विमान शामिल थे। इसमें 7 स्टील्थ क्ष-2 बॉम्बर्स शामिल हुए। क्ष-2 बॉम्बर्स ने इन विमानों ने ईरान की फोर्डो और नतांज परमाणु साइटों पर करीब 1400 किलो के भारी बम गिराए। वहीं, इस्फहान पर टॉमहॉक मिसाइलें दागी गईं। जनरल केन ने बताया कि इस मिशन में धोखे की रणनीति भी अपनाई गई। कुछ बमवर्षक विमानों को प्रशांत महासागर की ओर भेजा गया, ताकि ईरान को लगे कि हमला उधर से होगा, जबकि असली हमला दूसरी दिशा से किया गया।

### हमले के बाद अमेरिकी शहरों में सुरक्षा बढ़ाई गई

ईरान के तीन परमाणु ठिकानों पर हमले के बाद न्यूयॉर्क और वॉशिंगटन डीसी समेत अमेरिका के कई बड़े शहरों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। न्यूयॉर्क पुलिस विभाग ने कहा कि वे ईरान की स्थिति पर नजर रख रहे हैं। इसी तरह, वॉशिंगटन डी.सी. की मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने भी कहा कि वे हालात पर करीबी नजर रख रहे हैं और सुरक्षा एजेंसियों के साथ मिलकर खुफिया जानकारी साझा कर रहे हैं।

### इजराइल में 7 जुलाई तक सभी फ्लाइट्स कैंसिल की


इजराइली एयरलाइन ने 7 जुलाई तक सभी फ्लाइट्स की टिकट बिक्री पर रोक लगा दी है। कंपनी ने कहा है कि जिन यात्रियों ने 7 जुलाई तक की फ्लाइट्स की बुकिंग कर रखी है, वे बिना किसी पैसे की कटौती के अपनी यात्रा कैंसिल कर सकते हैं। ऐसे यात्रियों को पूरे टिकट मूल्य का क्रेडिट वाउचर मिलेगा, जिसे अगले दो सालों तक कभी भी इस्तेमाल किया जा सकेगा।

### खतरनाक जंग की शुरुआत कर रहा अमेरिकाः ईरान

ईरान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि अमेरिका ने उसके परमाणु ठिकानों पर हमला करके अंतरराष्ट्रीय कानून का गंभीर उल्लंघन किया है। यह हमला उस समय हुआ जब कूटनीतिक बातचीत चल रही थी। ईरान ने अमेरिका पर आरोप लगाया कि वह इजराइल जैसे आक्रामक देश का साथ देकर एक खतरनाक जंग की शुरुआत कर रहा है।

### ट्रम्प बोले- ईरान के न्यूक्लियर साइट्स तबाह किए

इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने देश को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि ईरान की अहम न्यूक्लियर साइट्स 'obliterate' यानी कि पूरी तरह से तबाह कर दी गई हैं। फोर्डो पर बमों की एक पूरी खेप गिरा दी गई है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने ईरान को धमकी देते हुए कहा कि अब उसे शांति कायम करनी चाहिए। अगर वह ऐसा नहीं करता है, तो उस पर और बड़े हमले किए जाएंगे।



### ईरानी विदेश मंत्री बोले- अब पुतिन से मिलेंगे

ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने कहा कि वह रविवार को रूस की राजधानी मॉस्को जाएंगे और वहां रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात करेंगे। इस बैठक में वे क्षेत्रीय हालात और अमेरिका के हमलों के बाद की रणनीति पर चर्चा करेंगे।

### अमेरिकी बमबारी अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघनः ईरानी परमाणु एजेंसी

ईरान के 'एटॉमिक एनर्जी ऑर्गेनाइजेशन' ने कहा है कि उसकी न्यूक्लियर साइट्स पर हमले 'अंतरराष्ट्रीय कानून' का उल्लंघन है। हालांकि, ऑर्गेनाइजेशन ने यह स्पष्ट नहीं किया कि इन हमलों से कितना नुकसान हुआ है। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि अमेरिकी सेना ने ईरान के फोर्डो, एस्फाहान और नतांज परमाणु स्थलों पर हमले किए। यह हमला रविवार सुबह 4.30 बजे (भारतीय समय के अनुसार) हुआ। ईरान ने स्पष्ट किया है कि वह अपने 'नेशनल इंडस्ट्री' के काम को नहीं रोकेगा, जो देश के न्यूक्लियर डेवलपमेंट के लिए बेहद जरूरी है।

### अमेरिकी एयर स्ट्राइक के बाद ईरान का इजरायल पर हमला, दागीं 30 से ज्यादा बैलिस्टिक मिसाइल

अमेरिका की एयर स्ट्राइक के बाद इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने पुष्टि की है कि ईरान ने रविवार सुबह इजरायल पर 30 से अधिक बैलिस्टिक मिसाइल दागीं। इन हमलों में करीब 16 लोगों के घायल होने की खबर है, जबकि कई इमारतें क्षतिग्रस्त हुई हैं। आपातकालीन सेवा मैगन डेविड एडोम (एमडीए) के अनुसार इन मिसाइल हमलों में दो बच्चे भी मामूली रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें तेल अवीव के इचिलोव मेडिकल सेंटर में भर्ती कराया गया है। इजरायली मीडिया ने सेंट्रल इजरायल में धमाकों की जानकारी दी है। यहां कई शहरों में सिविल डिफेंस टीम और आपातकालीन सेवाएं तैनात की गई हैं। कई क्षेत्रों में इमारतों पर हमला किया गया है, लेकिन हताहतों या बुनियादी ढांचे को हुए नुकसान की पूरी जानकारी अभी तक नहीं मिली।

### पीएम मोदी ने ईरान के राष्ट्रपति से की बात



पश्चिम एशिया के हालात को देखते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन से बात की। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा कि ईरान के राष्ट्रपति से बात की। हमने मौजूदा स्थिति के बारे में विस्तार से चर्चा की। हाल ही में हुई बढ़े तनाव पर गहरी चिंता व्यक्त की। आगे बढ़ने के लिए तत्काल तनाव कम करने, बातचीत और कूटनीति के लिए अपना आह्वान दोहराया और क्षेत्रीय शांति, सुरक्षा और स्थिरता की शीघ्र बहाली की मांग की।

### इजराइली राष्ट्रपति बोले- अमेरिका का हमला ऐतिहासिक



इजराइल के राष्ट्रपति आइजैक हर्जोग ने अमेरिका के ईरान पर किए गए हमले को ऐतिहासिक बताया है। उन्होंने कहा कि ट्रम्प के बयान अमेरिका और इजराइल के बीच गहरे और साहसी रिश्तों को दिखाते हैं। हालांकि, हर्जोग ने चेतावनी दी कि अभी लड़ाई खत्म नहीं हुई है।

### ईरानी राष्ट्रपति बोले- अमेरिका का चेहरा बेनकाब हुआ



ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने अमेरिका पर ईरान के खिलाफ हमलों का मुख्य जिम्मेदार होने का आरोप लगाया है। पजशकियान ने कहा कि अमेरिका हमेशा हमले के पीछे रहा, लेकिन ईरान की सेनाओं के आगे और इजराइल के कमजोर पड़ने पर अमेरिका का चेहरा बेनकाब हो गया।

## मुख्यमंत्री मोहन ने बारिआम गांव की महिलाओं से खरीदे आम



### बच्चों को दुलारा, आम खिलाए और रोज स्कूल जाने की मनुहार भी की

**विजय मत, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को सपत्नीक नर्मदापुरम जिले के पचमढ़ी प्रवास पर पहुंचे। पचमढ़ी से लौटते वक्त मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बारिआम गांव में सड़क किनारे टोकरी में रखकर आम बेच रहीं महिलाओं और बच्चों को देखकर अपना काफिला रूकवाया। मुख्यमंत्री ने आम बेच रहीं सभी महिलाओं से आत्मीय संवाद किया। पूछा - रोज कितने के आम बेच लेती हो? मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर आम विक्रेता श्रीमती बसंती टेकाम की खुशी का ठिकाना न रहा, उसने प्रफुल्लित होकर बताया कि सर, रोज सुबह से शाम यहां बैठते हैं, तो 400 से 500 रूपए के आम बिक ही जाते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समीप ही खड़ी श्रीमती बसंती की बेटी को देखकर पूछा - क्या ये बिटिया स्कूल जाती है? महिला ने कहा कि हां सर, सीएम राइज स्कूल में पढ़ती है। मुख्यमंत्री ने हर्ष जताकर कहा कि अरे बिटिया, अब उसका नाम सांदीपनि विद्यालय हो गया है। मुख्यमंत्री ने यहां आम बेच रहीं सभी महिलाओं से आम खरीदे और खुद भुगतान भी किया।

### एमएसएमई के क्षेत्र में नए युग की शुरुआत करेगा रतलाम

# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन के नेतृत्व में होगा RISE 2025 कॉन्क्लेव का आयोजन

**विजय मत, भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में 27 जून को रतलाम में आयोजित होने जा रहा RISE 2025 कॉन्क्लेव, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र में नए युग की शुरुआत करेगा। यह आयोजन प्रदेश में उद्यमिता, रोजगार और नवाचार की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता का सशक्त उदाहरण बनेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव इस अवसर पर 350 करोड़ रूपये से अधिक लागत की 35 से अधिक औद्योगिक अधोसंरचना परियोजनाओं, क्लस्टरों और विभागीय भवनों का भूमि-पूजन और लोकार्पण करेंगे। साथ ही 1500 करोड़ रूपये से अधिक निवेश की 50 नई औद्योगिक इकाइयों की आधारशिला भी रखी जाएगी। प्रदेश में युवाओं को रोजगार से जोड़ने की दिशा में यह कार्यक्रम एक महत्वपूर्ण पड़ाव साबित होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा 500 उद्यमियों को आशय पत्र और भूमि आवंटन प्रदान किया जाएगा। साथ ही 500 आकांक्षी युवाओं को रोजगार के ऑफर लेटर सौंपे जाएंगे। लोकमाता देवी अहिल्याबाई प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत 100 से अधिक लाभार्थियों को अनुदान राशि वितरित की जाएगी। कार्यक्रम में ओएनडीसी, एनपीसीआई और वालमार्ट जैसी राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं के साथ महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए जाएंगे जिससे प्रदेश की एमएसएमई इकाइयों को निर्यात, डिजिटल भुगतान और नए बाजारों तक पहुंच की दिशा में शानदार अवसर मिलेंगे।



### औद्योगिक अधोसंरचना में होगा बड़ा विस्तार

कॉन्क्लेव में 97.73 हेक्टेयर के 596 भूखंडों पर 89.91 करोड़ रूपये से विकसित होने वाले 8 औद्योगिक परियोजनाओं का भूमि-पूजन किया जाएगा। साथ ही 231.534 हेक्टेयर के 795 भूखंडों पर 152.21 करोड़ रूपये से विकसित होने वाले 8 औद्योगिक क्षेत्रों का लोकार्पण किया जायेगा। इसके अलावा, निजी और विभागीय भूमि पर विकसित 15 क्लस्टरों का भी भूमि पूजन होगा, जिनकी संयुक्त विकास लागत लगभग 105 करोड़ रूपये है।

### मध्यम श्रेणी की इकाइयों से निवेश और रोजगार को मिलेगा बल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव कान्क्लेव में 32 मध्यम श्रेणी की औद्योगिक इकाइयों का लोकार्पण करेंगे। जिनमें कुल 858.74 करोड़ रूपये का पूंजी निवेश प्रस्तावित है जिससे 2000 से अधिक लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है।

### विभागीय भवनों का भी होगा लोकार्पण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव रतलाम कॉन्क्लेव में निवाड़ी, आगर मालवा और रायसेन जिलों में 4.22 करोड़ रु. की लागत से बनने वाले नवीन जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र भवनों का लोकार्पण करेंगे।

### प्रदेश की क्षमताओं को दर्शाएगी प्रदर्शनी

कार्यक्रम स्थल पर 100 से अधिक एमएसएमई इकाइयों, स्टार्ट-अप्स और स्व-सहायता समूहों द्वारा उत्पादों और नवाचारों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। यह प्रदर्शनी प्रदेश की विविधतापूर्ण उद्यमिता को सामने लाने का एक प्रभावी मंच बनेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में यह आयोजन न केवल रतलाम, बल्कि संपूर्ण मध्यप्रदेश की औद्योगिक दिशा को एक नई पहचान और ऊर्जा देने जा रहा है।

## विवाहिता का पासपोर्ट बनाने के लिए पति की अनुमति ज़रूरी नहीं



**चेन्नई, एजेंसी।** मद्रास हाईकोर्ट ने कहा है कि किसी विवाहित महिला को पासपोर्ट के लिए अपने पति की सहमति और हस्ताक्षर की जरूरत नहीं होती, और इसके लिए ज़ोर देना 'पुरुष वर्चस्ववाद' को बढ़ावा देता है। यह टिप्पणी जस्टिस एन। आनंद वेंकटेश की पीठ ने एक महिला की याचिका पर सुनवाई करते हुए दी जिसमें उसने पासपोर्ट जारी करने के निर्देश की मांग की थी। अदालत ने चेन्नई के क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय (आरपीओ) द्वारा महिला से उसके पति की अनुमति और फॉर्म-जे पर हस्ताक्षर मांगने को 'चौंकाने वाला' करार दिया। जस्टिस वेंकटेश ने कहा कि यह रवैया दर्शाता है कि 'हमारा समाज विवाहित महिलाओं को अब भी पति की संपत्ति के रूप में देखने की मानसिकता से बाहर नहीं निकल पाया है।'

## छिंदवाड़ा में फैला डिप्थीरिया, भोपाल भेजे गए सैंपल

# एक ही परिवार के चार बच्चे संक्रमित, दो की मौत

**विजय मत, ब्यूरो छिंदवाड़ा**

मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा जिले के तामिया ब्लॉक स्थित दलेलढाना गांव में डिप्थीरिया (गलाघोंटू) बीमारी ने एक ही परिवार के चार बच्चों को अपनी चपेट में ले लिया। इनमें से दो बच्चों की मौत हो चुकी है, जबकि दो का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। इनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। मामले की जानकारी लगते ही स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया। गांव के निवासी दुखलाल



ककोडिया के छह बच्चों में से चार को शुक्रवार रात तेज बुखार और गले में दर्द की शिकायत हुई। हालत बिगड़ने पर उन्हें तत्काल जिला अस्पताल लाया गया। डॉक्टरों ने एक बच्चे को मृत घोषित कर दिया।

### बीमारी की पुष्टि, गांव में पहुंची स्वास्थ्य टीम

जांच में डॉक्टरों ने बताया कि सभी चारों बच्चे डिप्थीरिया से संक्रमित थे। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव पहुंची और हालात का जायजा लिया। आसपास के 29 बच्चों के नमूने लेकर जांच के लिए भोपाल भेजे गए हैं। डॉक्टरों का कहना है कि डिप्थीरिया एक संक्रामक बीमारी है, जिससे बचाव के लिए समय पर टीकाकरण बेहद जरूरी है। आरएमओ डॉ. हर्षवर्धन कोडपे ने बताया कि संभव है बच्चों को समय पर टीके नहीं लगे हों, इसलिए वे इस बीमारी की चपेट में आ गए। मामले की पूरी जांच की जा रही है।

**विजय मत एंकर**

## शाह ने भरी हुंकार, कहा-बारिश में भी पूरी ताकत से छत्तीसगढ़ में चलेगा एंटी-नक्सल ऑपरेशन

# नक्सलियों को सोने नहीं देंगे, चर्चा की जरूरत नहीं

**विजय मत, रायपुर**

देश-प्रदेश से मार्च 2026 तक लाल आतंक को खत्म करने का लक्ष्य लेकर चल रही केंद्र सरकार के कड़े रुख को एक बार फिर से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने स्पष्ट कर दिया है। उन्होंने कहा कि पहले बारिश में नक्सलियों को आराम मिल जाता था, लेकिन इस बार बारिश में नक्सलियों को सोने नहीं देंगे। बारिश में भी पूरी ताकत से छत्तीसगढ़ में एंटी-नक्सल ऑपरेशन चलेगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने संबोधन में



कहा कि पिछले डेढ़ सालों में विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ ने दिन दूनी रात चौगुनी प्रगति की है। मगर छत्तीसगढ़ में विष्णु देव की सरकार और गृह मंत्री विजय शर्मा की सबसे बड़ी उपलब्धि है, जो एक रुके हुए नक्सल विरोधी अभियान को द्रुत गति से चलाया और छत्तीसगढ़ को नक्सल मुक्त करने की दिशा में आगे बढ़े। इन दोनों नक्सल विरोधी अभियान को धार दी, बल्कि समय-समय पर मार्गदर्शन दिया, पुलिस का हौसला बढ़ाया, मै भारत सरकार की ओर से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और गृह मंत्री विजय शर्मा को बहुत-बुहत साधुवाद देना चाहता हूं।

### नक्सल विरोधी अभियान तेज गति से शुरू

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में विष्णु देव साय की सरकार और राज्य के गृह मंत्री विजय शर्मा की सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि उन्होंने रुके हुए नक्सल विरोधी अभियान को तेज गति से शुरू किया. मैंने देखा है कि सरकार बनने के बाद से न केवल नक्सली विरोधी अभियान को धार दी, बल्कि समय-समय पर इसका मार्गदर्शन भी किया है। पुलिस और सुरक्षा बलों को प्रोत्साहित किया है और इस लड़ाई को कुशलता से आगे बढ़ाया है।

## न्यूज इन शॉर्ट



### शासकीय आवास में शाम होते ही आसमाजिक तत्वों का होता है जमावडा

उमरिया। कन्या छात्रावास के समीप शासकीय भवन जो कि कभी न्यायालय के अधिकारियों का आवास हुआ करता था । कुछ दिनों से यह खाली पडा हुआ है। आने जाने के रास्ते में लगा हुआ दरवाजा भी लोगो व्दारा तोड़कर ले जाया गया है । इसी का फायदा शाम होते ही शहर आसामाजिक तत्व बाखूबी उठा रहे है। इतना ही नही सूत्रों की माने तो इस भवन के अंदर रात को अनैतिक कार्यो को भी बाखूबी अंजाम दिया जा रहा है। सोचनीय विशय तो यह है कि बगल में कन्या छात्रावास उसी के पास ऐसे अनैतिक गतिविधियां हो रही है । शहर की सुरक्षा कि जिम्मेदारी जिस विभाग को है वह भी इसे नही देख पा रहा है। या फिर देखकर अनदेखा कर रहा है । बात करे समीपस्थ जिले शहडोल की तो ऐसे ही एक भवन में अनैतिक घटना को कारित करते हुए एक हत्या का मामला सामने आ चुका है । समय रहते इस ओर ध्यान नही दिया गया तो उपरोक्त घटना की पुनरावृत्ति से नही रोका जा सकता ।

### जिले में बीते 24 घंटे में 23.7 मिमी वर्षा दर्ज

उमरिया । अधीक्षक भू अभिलेख ने बताया कि जिले में बीते 24 घंटे में 23.7 मिमी वर्षा दर्ज की गई है जिसमें बांधवगढ मे 6.6 मिमी, मानपुर में 19.2 मिमी, पाली में 18.8 मिमी, नौरोजाबाद में 31.6 मिमी, चंदिया में 28.6 मिमी, करकेली में 16.9 मिमी ,बिलासपुर में 44 मिमी वर्षा शामिल है । जिले में 1 जून से लेकर आज दिनांक तक 55.7 मिमी वर्षा दर्ज की गई है जिसमें बांधवगढ़ में 52.5 मिमी, मानपुर में 32.9 मिमी, पाली में 42.8 मिमी, नौरोजाबाद में 57 मिमी, चंदिया में 63.4 मिमी, करकेली में 50 मिमी, बिलासपुर में 81.7 मिमी वर्षा शामिल है , जबकि गत इसी अवधि तक 17. 8 मिमी वर्षा दर्ज की गई थी, जिसमें बांधवगढ मे 23.6 मिमी, मानपुर में 8.7 मिमी, पाली में 8 मिमी, नौरोजाबाद में 60 मिमी, चंदिया में 16 मिमी, करकेली में 2.2 मिमी ,बिलासपुर में 6.2 मिमी वर्षा शामिल है ।

### जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2026 हेतु आनलाइन आवेदन 29 जुलाई तक

उमरिया । प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय ने बताया कि सत्र 2026-27 हेतु कक्षा छटवीं में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 13 दिसंबर को आयोजित होगी । इसके लिए आवेदन 29 जुलाई तक किया जा सकता है । जिले में निवासरत एवं उमरिया जिले में ही सत्र 2025-26 में कक्षा 5वीं मे अध्ययनरत छात्र लिंक पर जाकर 29 जुलाई तक आनलाइन आवेदन कर सकते है । इस संबंध में किसी तरह की जानकारी हेतु या असुविधा की स्थिति में जवाहर नवोदय विद्यालय उमरिया के हेल्प डेस्क नंबर 7976297013, 999723 3171 पर संपर्क किया जा सकता है ।

### शहर में दुकान बंदी का दिखा असर, अधिकांश दुकानें रहीं बंद



सीधी। व्यापारी संघ सीधी की रविवार को दुकान बंदी का असर आज देखा गया। व्यापारी संघ द्वारा दुकान बंदी को लेकर दूसरी बार व्यवसायियों की बैठक आहूत की गई थी। जिसमें व्यापारियों ने रविवार दुकान बंदी का समर्थन किया था। आज दूसरी मर्तबा रविवार को शहर की 90 फीसदी से ज्यादा दुकानें बंद रहीं। कुछ छोटे एवं सीजनल व्यवसायियों द्वारा दुकानें खोली गई थी। बाजार में पूरी तरह से सन्नाटा सुबह से पसरा रहा। बाजार में ग्राहकों की उपस्थिति न के बराबर थी। इसी वजह से जो दुकानें खुली भी थीं उनका व्यवसाय मंदा रहा। दरअसल व्यापारी संघ अध्यक्ष लालचंद गुप्ता द्वारा दुकान बंदी की अपील पर अधिकांश व्यापारियों ने इसके महत्व को समझा और समर्थन करते हुए रविवार को अपनी दुकानों को बंद रखा। व्यापारी संघ द्वारा दुकान बंदी को पूरी तरह से स्वेच्छिक किया गया था। साथ ही दूसरी बार आयोजित बैठक में स्पष्ट कर दिया गया था कि दुकान बंदी अपनी स्वेच्छा से व्ययवसायी करें। व्यापारी अपनी स्वेच्छा से रविवार अवकाश लेकर अपना समय अपने घर-परिवार और समाज के अन्य कार्यों के लिए निकालें। व्यापारियों को एक दिन का समय सप्ताह में अपने और परिवार के लिए रखना चाहिए। जिससे वह स्वास्थ्य लाभ के साथ ही अन्य आवश्यक कार्यों को आशानी के साथ कर सकें। व्यापारी संघ अध्यक्ष की मंशा को अधिकांश व्यापारियों ने समझा और इसका पूरा समर्थन किया था। आज दूसरे रविवार को इसी वजह से अधिकांश व्यापारियों ने स्वेच्छा से अपनी दुकानों को बंद रखा। रविवार को दुकान बंदी रहने की जानकारी पूर्व से ही लोगों को होने के कारण बाजार में ग्राहकों की उपस्थिति नगण्य रही। यह जरूर है कि अपने रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं की खरीदी के लिए लोग अपने घरों के आसपास छोटी दुकानों से खरीदी किए। बाजार में दुकानों के बंद रहने के कारण सडक़ों में भी सन्नाटा पसरा रहा। जो सडक़ें अन्य दिनों भीड़ से खचाखच भरी रहती थी आज सूनसान नजर आई। रविवार को दुकान बंदी करने को लेकर व्यवसायियों में भी उत्साह देखा गया। रविवार दुकान बंदी के कारण शहर के बाजार क्षेत्र में पूरी तरह से सन्नाटा पसरा नजर आया। इसी वजह से सडक़ें पूरी तरह से खाली थीं। लोगों की आवाजाही न होने के कारण ऑटो भी गायब नजर आए। जो कुछ ऑटो चल भी रहे थे उनको सवारी न मिलने के कारण चालकों में भी काफी मायूशी देखी गई।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भवन में छत से पानी के लीकेज होने के संबंध में दुरुस्त करने हेतु निर्देशित किया गया

# सीएमएचओ ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

**विजय मत, उमरिया**



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर व्ही एस चंदेल द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरवाई एवं बिलासपुर का निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान बिलासपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भवन में छत से पानी के लीकेज होने के संबंध में दुरुस्त करने हेतु निर्देशित किया गया। बिलासपुर एवं हरवाई में उपस्थित स्टाफको मौसमी बीमारी डायरिया टायफाइड मलेरिया जैसे बीमारियों से रोकथाम हेतु आवश्यक जांच उपकरण एवं दवाइयां का बफर स्टॉक रखने हेतु निर्देशित किया गया । उन्होंने स्टाफको निर्देशित किया है कि शासन द्वारा दी जा रही योजनाओं का संपूर्ण लाभ जनमानस तक पहुंचे एवं स्वास्थ्य सुविधाओं का संपूर्ण लाभ दिया जा सके गर्भवती माताएं एवं शिशु हेतु शत प्रतिशत टीकाकरण एवं पंजीयन की जाने हेतु निर्देशित किया गया ।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जन सामान्य को सलाह दी गई है कि वे वर्षा ऋतु में विशेष सतर्कता बरतें। खेतों में कार्य करते समय जूते-मोज़े पहनें, गहरे रंग के कपड़े पहनें और हाथों में दस्ताने लगाएं। झाड़ियों, पुआल के ढेर, लकड़ी के गट्ठर आदि स्थानों में काम करने से पहले वहां डंडे या लाठी से हल्का प्रहार करें। अंधेरे में टॉर्च का उपयोग करें और बच्चों को बिना देखरेख खुले स्थानों पर न भेजें। घर के आसपास साफ-सफाई रखें, झाड़ियाँ काटें और कूड़ा-कचरा हटाएं। घरों की दीवारों में मौजूद दरारें बंद करें और खुले में सोने से परहेज़ करें। यदि किसी को सर्प ने डस लिया हो तो घबराएं नहीं, शरीर को शांत रखें और तुरंत नज़दीकी स्वास्थ्य केंद्र या अस्पताल पहुँचें। घाव को चाकू से काटना, चूसना या उस पर कोई रसायन लगाना अत्यंत हानिकारक है। झाड़-फूंक, टोना-टोटका या तांत्रिक क्रियाओं में समय न गंवाएं। यह समय जीवन रक्षक हो सकता है, इसलिए हर क्षण अमूल्य है।

सर्पदंश ग्रसित व्यक्ति को यथाशीघ्र अस्पताल ले जाएं। यदि संभव हो तो सांप का रंग, लंबाई या कोई चित्र याद रखें लेकिन उसे मारने या पकड़ने का प्रयास न करें, क्योंकि इससे और खतरा हो सकता है। कई बार सांप विषैला नहीं भी होता, पर उपचार में देर जानलेवा साबित हो सकती है। सभी नागरिकों से अपील की गई है कि वे सर्प-दंश से संबंधित इस आपदा को गंभीरता से लें। शासन एवं जिला प्रशासन द्वारा किए गए प्रबंध तभी प्रभावी होंगे जब नागरिक स्वयं भी सावधानी बरतेंगे, समय पर उपचार लेंगे और जागरूकता फैलाने में सहयोग करेंगे। संयुक्त प्रयासों से ही सर्पदंश से होने वाली जनहानि को नियंत्रित किया जा सकता है।

# कलेक्ट्रेट परिसर में हुई चोरी का अभी तक नही हुआ पर्दाफाश

**विजय मत, उमरिया**



एक माह का समय बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ चोरी का कोई सुराख नही लग पाया है । घटना 15 मई को घटित हुई थी । उसी शाम को पुलिस विभाग में इस तरीके की तत्परता दिखाई थी कि ऐसा लगा रहा था कि चंद घंटो में चोर पुलिस की गिरफ्त मे होगे । पर ऐसा एक माह बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली के खाली है। पीडित पक्ष प्रमोद गुप्ता ने नामजद संदेहियो के विरूध्द एक आवेदन पुलिस के पास लेकर गया तो उसे डांटकर भगा दिया गया और उसे कहा गया कि तुम जिसे कहोगे उसे हम पकड लें । यहां से भाग जाओ । पीडित पक्ष आये दिन पुलिस के संपर्क मे रहता है और उसे सिर्फ आश्वासन के सिवाय कुछ भी नही मिल रहा है । ऐसा ही एक मामला शहर के बीचो बीच स्थित सैम मोबाइल के घर में रहस्यमय तरीके से 14 लाख रूपये बैग मे रखे थे , उस बैग से चोरो ने पैसा निकाल लिया और बैग को वहीं पर छोड़कर चले गये । जबकि घर के अंदर बाहर, उपर , नीचे चारो तरफसीसीटीव्ही कैमरे भी लगे हुए है , इसके बावजूद भी चोरो का सुराख नही मिल पा रहा है।

पूछताछ के लिए भोलेभाले प्रतिश्ठित परिवारों के बच्चों को अनायास घर से उठाकर थाने ले जाना , उन्हें मानसिक रूप से प्रताडित करना एवं चोरी कबूल करने के लिए दबाव बनाते हुए यहां तक कहा गया कि अगर तुम ऐसा नही करते हो तो गांजे जैसे संगीन अपराध में फंसाकर जेल भेज देगे । पूछताछ के नाम पर लगातार दो दिन थाने मे बुलाकर परेशान करना । सवाल यह उठता है कि इतनी बडी चोरी घर से हो गई और पुलिस ने घरवालों से पूछताछ कडाई से क्यो नही की । सूत्रों की माने तो यह कहा जा रहा है कि चोरी जैसी वारदात हुई ही नही । बैग मे रखे रूपये को आराम से निकालना और बैग को वही पर छोड देना इस बात का घोतक है कि यह कार्य किसी घर के ही जानकार व्यक्ति व्दारा किया गया है। फिलहाल रिपोर्ट कर्ता के व्दारा जिन जिन व्यक्तियो के नाम संदेह के रूप में पुलिस को दिए गए है उन्हें उठाने मे पुलिस कोई गुरेज नही कर रही है ।

### एक दिवसीय प्रशिक्षण कलेक्टर सभागार में आज

उमरिया । भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मप्र के निर्देशानुसार बूथ लेबल आफीसर्स के लिए राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम अंतर्गत सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, राज्य स्तरीय, जिला स्तरीय एवं विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का एक दिवसीय प्रशिक्षण 23 जून को टीएल बैठक पश्चात दोपहर 12.30 बजे से कलेक्टर सभागार में आयोजित किया गया है ।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन ने निर्वाचक रजिस्ट्री करण अधिकारी विधानसभा क्षेत्र 89 बांधवगढ, 90 मानपुर, अनुविभागीय अधिकारी बांधवगढ, मानपुर, उपखंड अधिकारी पाली, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विधानसभा क्षेत्र 89 बांधवगढ, 90 मानपुर एवं तहसीलदार बांधवगढ़, चंदिया, नौरोजाबाद मानपुर तथा पाली से कहा है कि आयोग के निर्देशानुसार प्रशिक्षण में उपस्थित रहना सुनिश्चित करें ।

# भीषण सड़क हादसे में ट्रक ड्राईवर की मौत



**विजय मत, उमरिया**

सिविल लाईन चौकी अंतर्गत दो ट्रको की आमने सामने की भिड़त में एक ट्रायवर की दर्दनाक मौत हो गई। घटना गत दिवस की है। बताया जाता है कि घटना के बाद बड़ी मशक्कत के बाद मृतक का शव ट्रक से निकाला गया। घटना के तत्काल बाद पुलिस भी तत्काल मौके पर पहुंची और ट्रक में फंसे मृतक युवक को निकालने का कार्य किया गया।

**यह है घटना** –घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी अनुसार सिविल लाईन चौकी एन एच 43 में दो ट्रको की आमने सामने हुई भिड़त में प्रदीप कुमार चालक की मौत हुई है । वही दूसरे ट्रक में सवार चालक सहित एक अन्य व्यक्ति घटना के बाद से ही लापता है। बताया जाता है कि भिड़त इतनी त्रीव थी, दो ट्रको के परखच्चे उड़ गये । बताया जाता है कि एक ट्रक में कृषि से संबंधित समान लोड था, जो टक्कर के बाद सड़क पर इधर उधर फैल गया। बताया जाता है कि घटना के बाद जेसेबी के माध्यम से ट्रको को अलग किया गया। घटना के बाद घटना स्थल पर बडी संख्या में लोगो की भीड़ इकठ्ठा हो गई।

# स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 29 यूनिट रक्त का हुआ संग्रह

**विजय मत, उमरिया**



भारतीय स्टेट बैंक उमरिया द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन जिला चिकित्सालय परिसर में किया गया, जिसमें 35 रक्तदाताओं का पंजीयन किया गया एवं कुल 29यूनिट रक्त संग्रह किया गया। स्टेट बैंक उमरिया चंदिया, नौरोजाबाद, करकेली शाखा के स्टाफद्वारा रक्तदान किया गया ।

शिविर में सिविल सर्जन डॉ के सी सोनी, आर एम ओ डॉ संदीप सिंह, ब्लड बैंक ऑफिसर डॉ मुकुल तिवारी उपस्थित थे। स्टेट बैंक उमरिया शाखा प्रबंधक निशांत वाजपेई ने रक्तदान कर शिविर में अधिक से अधिक रक्तदान हेतु सभी स्टाफको प्रोत्साहित किया। ब्लड बैंक लैब प्रभारी वीरेंद्र शर्मा, विनीत साहू राजदेव सिंह, अंजुली दर्द्वंशी, वर्षा विश्वकर्मा एवं अन्य स्टाफने रक्त संग्रह किया । सिविल सर्जन डॉ के सी सोनी द्वारा सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त कर भविष्य में भी रक्तदान शिविर के आयोजन हेतु आग्रह किया। डॉ मुकुल तिवारी ने सभी रक्तदाताओं को रक्तदान उपरांत प्रशस्ति पत्र प्रदान कर रक्तदान से होने वाले स्वास्थ्य लाभ पर विस्तृत रूप से जानकारी दी ।

### बस ने मारी बाईक सवार को ठोकर , घायलों का इलाज जारी

उमरिया।जिला मुख्यालय से होकर शाहपुरा की ओर जाने वाले राजमार्ग में रविवार की सुबह तमन्नारा एवं निगहरी के बीच उमरिया की ओर आ रही बस ने बाइक सवार को ठोकर मार दी । घटना में मासूम बच्चा सहित दंपत्ति घायल हुआ है। जानकारी अनुसार बाईक सवार अमृत सिंह पिता सुलाभ सिंह उम्र 22 वर्ष पत्नी रवीना सिंह एवं उनके मासूम रॉय सिंह को ठोकर मारी है । बाइक में सवार पति-पत्नी एवं उसके मासूम बच्चे को गंभीर चोट आई है। घटना के बाद राहगीरों ने बिना देर किये 108 बुलाकर के घायलों को जिला अस्पताल में भिजवाया जहां उनका इलाज किया जा रहा है । आपको बता दें स्थानीय लोगों एवं घायल से मिली जानकारी अनुसार बताया जा रहा है कि यह बस शाहपुरा से उमरिया आ रही थी तभी निगहरी एवं तामंन्नारा के बीच बाइक सवार को जोरदार ठोकर मार दिया और मौके से बस चालक वाहन लेकर उमरिया आ गया है,घायलों का जिला अस्पताल में इलाज किया जा रहा है।

# खाना पूर्ति साबित हुई नाली की सफाई, गंदगी से हो सकता है बुरा हाल

**विजय मत, उमरिया**



जिला मुख्यालय के सिंधी धर्मशाला के पीछे इन दिनों नालिया गंदगी से बजबजा रही है, लेकिन उनकी सुध लेना वाला नही है। सूत्रों की माने तो एक बार नाली की सफाई करवाई गई है, लेकिन वह भी खाना पूर्ति साबित हुई है । नाली सफाई के बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है, लेकिन इस ओर किसी का ध्यान नही जा रहा है। सूत्रों की माने तो वार्ड में स्थित नाली की सफाई के लिए बार बार वार्ड पार्षद से कहा गया है, लेकिन सफाई नही करवाई जा रही है। विदित हो कि बरसात का सीजन प्रारंभ हो चुका है। नालियां में फंसा कचरा अब सडको पर आ गया है ।घर के सामने नाली का पानी भरा रहता है । जिससे वहां से निकलने में वार्डवासियों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। इसके साथ ही गंदगी फैले रहने की वजह से कई प्रकार की बीमारियों के जन्म लेने का खतरा भी बना हुआ है। गंदगी होने की वजह से मक्खियां भिनभिना रही है । सफाई कर्मी व्दारा नियमित साफ सफाई नही करवाये जाने की वजह से नाली की दर्दुशा हो गई है । विदित हो कि यह नाली की दुर्दशा पार्षद के घर के पीछे की है । अब इसी बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि नाली की यह दुर्दशा उनके घर के पीछे की है तो अन्य जगह की नालियों का क्या हाल होगा । वार्डवासियों ने वार्ड पार्षद , नगर पालिका प्रशासन से मांग की है कि उक्त नाली की अच्छे तरीके से सफाई करवाई जाए ताकि भविष्य में नाली का पानी सड़को पर नही आए ।

**समर कैंप** रोज वैली विद्यालय के बच्चे सहित अन्य विद्यालयों के बच्चों ने लिया भाग, सीधी सांसद डॉ राजेश मिश्रा रहे शामिल

# सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ समर कैंप का समापन

**विजय मत, सीधी**




सीधी के वैशणवी गार्डन में रोज वैली विद्यालय एवं आई स्कूल के संचालक डॉ रंजना मिश्रा द्वारा विभिन्न प्रकार के संस्कृत कार्यक्रम का आयोजन किया,जिसमें रोज वैली विद्यालय के बच्चे सहित अन्य विद्यालयों के बच्चे आकृति जायसवाल सहित अन्य बच्चे भी शामिल थे,कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार की सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, जिनमें नाटक, नृत्य, गायन और भाषण शामिल थे। इस कार्यक्रम में छात्रों ने अपनी सांस्कृतिक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। 20 दिनों पहले से इन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का पूर्व अभ्यास किया जा रहा था जिसका सफलतापूर्वक शानदार तरीके से समापन हुआ है, यह आयोजन बीते 4 वर्षों से लगातार हो रहा है, विद्यालय के संचालक डॉक्टर रंजन मिश्रा ने अपने उद्बोधन में छात्रों के सफल प्रयासों की बधाई देते हुए कहा कि यह कार्यक्रम छात्रों को न केवल अपनी सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराता है, बल्कि उनमें आत्मविश्वास और रचनात्मकता को भी बढ़ावा देता है। उन्होंने छात्रों को शिक्षा के महत्व और अपनी संस्कृति को संजोने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सीधी सांसद डॉक्टर राजेश मिश्रा व अन्य अतिथियों ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

इस आयोजन में सीधी सांसद डॉक्टर राजेश मिश्रा, भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह, वरिष्ठ समाजसेवी चंद्र मोहन गुप्ता, केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य आशु त्यागी ,मीना गुप्ता, अजीता द्विवेदी , लक्ष्मी छितानी, अभिभावक गण व विद्यालय की डायरेक्टर डॉक्टर रंजना मिश्रा प्रिंसिपल मानवी वाधवानी और समस्त स्कूल स्टाफ मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### निःशुल्क राशन प्राप्त करने वाले ई-केवाईसी कराने की अंतिम तिथि 30 जून

सीधी। जिला आपूर्ति अधिकारी ने जानकारी देकर बताया कि समस्त पात्र हितग्राहियों के ई-केवाइसी किए जाकर दोहरे, अपात्र, साईलेन्ट राशनकार्डों का पोर्टल से विलोपन करने निर्देशित किया गया है। इसके अतिरिक्त समय-सीमा में समस्त पात्र हितग्राहियों की ई-केवाईसी न होने पर ई-केवाईसी शेष रहने वाले हितग्राहियों को वितरित खाद्यान्न पर भारत सरकार द्वारा अनुदान भुगतान पर रोक लगाया जाना संभावित है तथा ऐसे हितग्राहियों को राशन प्रदाय करने में राज्य शासन को अतिरिक्त वित्तीय व्यय भार आना संभावित है। एनएफएसए 2013 अंतर्गत लाभान्वित हितग्राहियों की ई-केवाईसी कराना राज्य शासन की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री महोदय द्वारा विभागीय समीक्षा में भी हितग्राहियों की ई-केवाईसी प्राथमिकता के आधार पर समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये गये हैं।

## न्यूज इन शॉर्ट

### बाइक सवार बदमाश ने युवक का मोबाइल झपटा

**भोपाल।** ऐशबाग इलाके में स्थित सुभाष नगर ओवरब्रिज के पास बाइक सवार बदमाश ने एक युवक का मोबाइल झपट लिया। पुलिस ने झपटमारी का केस दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि मूलरूप से रतलाम निवासी लहर कामेडिया (23) फोटोग्राफी करता है और फोटोग्राफी के सिलसिले में भोपाल आया था। शुक्रवार रात वह अपने दोस्त से मिले अशोका गार्डन गया और वहां से उसकी एक्टिवा गाड़ी लेकर एमपी नगर की ओर जाने के निकल गया। रात करीब 12.15 बजे जैसे ही वह सुभाष नगर ओवरब्रिज पर पहुंचा, तभी मां का फोन आ गया। एक्टिवा सवार लहर कामेडिया फोन पर मां से बात करने लगा। तभी पीछे से बाइक पर सवार होकर आए दो बदमाशों में से पीछे बैठे बदमाश ने उसके हाथ से मोबाइल झपट लिया और तेजी से फरार हो गए। अंधेरो होने की वजह से फरियादी न तो गाड़ी का नंबर देख सका और न ही उनका हुलिया देखा। लूट गए मोबाइल की कीमत 20 हजार रुपए बताई गई है।

### कलारी मैनेजर के साथ अड़ीबाजी

**भोपाल।** अशोका गार्डन थाना इलाके में दो युवको ने शराब पीने के लिये कलारी मैनेजर पर पैसे देने के लिये अड़ीबाजी कर दी। रकम देने से मना करने पर आरोपियो ने फ्री में शराब देने को कहा इसके बाद गालियां देते हुए पत्थर उठाकर कलारी पर बरसा दिया। पुलिस के मुताबिक रिसालदार कालोनी छोला नाका पर रहने वाले गोविंदा अनुरानी (35) ने बताया की वह एकतापुरी स्थित कलारी में मैनेजर हैं। रात करीब सवा ग्यारह बजे वह कलारी में बैठे हुए थे, तभी आरोपी सनी उर्फ हर्षित और उसका साथी अरुण वहॉं आ धमके। दोनों ने शराब पीने के लिए पांच सौ रुपए की मांग की। गोविंदा ने जब उन्हें पैसे देने से मना किया तो वह फ्री में शराब देने का दबाव बनाने लगे। मैनेजर ने जब ऐसा करने से भी इंकार किया तब दोनों ने गाली-गलौज की और पत्थर उठाकर मारा जो कलारी की चद्दर पर मार दिया। हंगामे की आवाज सुनकर आसपास के लोग पहुंचे तब दोनों आरोपी वहॉं से भाग निकले। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अड़ीबाजी का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरु कर दी है।

### सिटी बस में सफर के दौरान युवक के हाथ से बदमाश ने पर्स झपटा

**भोपाल।** बागसेवनिया थाना इलाके में स्थित पुराना हबीबगंज नाका के पास सिटी बस में सफर कर रहे युवक के हाथ से बदमाश ने पर्स झपट लिया। पर्स में दो हजार की नगदी सहित जरुरी दस्तावेज रखे थे। मिली जानकारी के मुताबिक लहारपुर एलआईजी वन में रहने वाले दिनेश डोंगरे ने अपनी शिकायत में बताया की वह मूल रुप से बैतूल के पास एक गांव के रहने वाले हैं। और लहारपुर में परिवार के साथ रहते हुए बिजली फिटिंग का काम करते हैं। वे पत्नी और बेटी के साथ बैतूल अपने गांव गए थे। शुक्रवार शाम पाताल कोट एक्सप्रेस से वापस आकर रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पर उतरे। सड़क पर सांची दुग्ध संघ की तरफ उतरने के बाद परिवार एसआरटू बस का इंतजार करने लगा। शाम करीब पांच बजे बस आने पर परिवार बस में सवार हो गया। बस पुराना हबीबगंज नाका तक पहुंचने पर उन्होंने कंडक्टर को किराया देने के लिए जेब से पर्स निकाला, तभी पीछे खड़े बदमाश ने उनके हाथ से पर्स झपट लिया और स्टॉप आने के कारण बस की रफ्तार धीमी होने पर बदमाश चलती बस से कूदकर भागने लगा। दिनेश डोंगरे ने उसके पीछे दौड़कर उसे पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन बदमाश डिवाइडर पार करते हुए रेलवे की बाउंड्री कूदकर ट्रैक की तरफ भाग निकला। बाद में वह घर पहुंचे और पत्नि-बेटी को छोड़कर थाने पहुचें और शिकायत दर्ज कराई।

### चूहेमार दवा खाने से 13 साल के मासूम की मौत

**भोपाल।** ईटखेड़ी थाना इलाके के ग्राम बीनापुर में 13 वर्षीय बालक समर नामदेव की जान चली गई। समर ने 19 जून को गलती से घर में रखी चूहेमार दवा खा ली थी। तबीयत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे तत्काल न्यू जेल रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। इलाज के दौरान बीती सुबह समर ने दम तोड़ दिया। परिजनों का कहना है कि समर ने दवा को खाने की चीज समझकर गलती से निगल लिया था। हादसे के समय घर में चूहे मारने की दवा खुली हालत में रखी हुई थी। मृतक समर गांव के स्कूल में आठवीं कक्षा का छात्र था। अस्पताल से मिली सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

## होटल अमलतास - आत्मनिर्भर महिलाओं की देशभर में चर्चा और सराहना


# मुख्यमंत्री डॉ. यादव के महिला सशक्तिकरण के प्रयासों की ऊंची उड़ान

**विजय मत, भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की महिला सशक्तिकरण की मंशा का जीवंत उदाहरण है पचमढ़ी का होटल अमलतास। पिछले 6 माह में ही महिलाओं द्वारा संचालित इस होटल की देशभर में चर्चा हो रही है। मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग का नवाचार-होटल अमलतास, महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है।

गत वर्ष 6 दिसंबर 2024 को प्रारंभ हुई अमलतास होटल का संपूर्ण स्टाफ महिलाएं हैं। मप्र पर्यटन विभाग के इस शानदार नवाचार ने





महिलाओं के प्रति समाज की सोच बदली है। होटल में महिला गार्ड से लेकर, कुक, गार्डनर, शेफ, चौकीदारी, मैनेजर सहित अन्य 22 महिला कार्यरत हैं। यह होटल न केवल महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बना रहा है साथ ही सुरक्षित और सकारात्मक वातावरण भी उपलब्ध करा रहा है जहाँ महिलाएं प्रभावी नेतृत्व कर रही हैं।

***आत्मविश्वास उत्पन्न करता कार्य, सुरक्षा और सुविधा का समन्वय...*** *अमलतास होटल की गार्ड सरिता चौधरी बताती है कि "मैं होटल अमलतास में सितंबर से काम कर रही हूं। रात की ड्यूटी पर यहां रहती हूं।अभी तक किसी को कोई दिक्कत नहीं हुई है। जो भी गेस्ट आते हैं उनकी जरूरत के समान हम उपलब्ध कराते हैं। रात में हमे कोई परेशानी नहीं होती है।"*

### मुंबई की पर्यटक की शानदार प्रतिक्रिया

अमलतास होटल पहुंची मुंबई की पर्यटक सोनाली बताती है कि "यहां पर आकर हमें बहुत अच्छा लगा कि पूरे होटल को महिलाएं मैनेज कर रही हैं। महिलाओं को बढ़ावा मिलना बहुत जरूरी है। एमपी टूरिज्म ने बहुत अच्छा उदाहरण पेश किया है। महिला पर्यटकों की सेफ्टी के हिसाब से बहुत अच्छा रहता है, क्योंकि यहां पूरा स्टाफ महिलाएं हैं। महिला पर्यटक यहां स्टे कर पूरी तरह से सुरक्षित और स्वतंत्र महसूस कर सकती हैं।" यह मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड का एक नवाचार है। यहां संपूर्ण महिला स्टाफ है, जो हर समय महिला पर्यटकों को सेवाएं देता है।" साथ ही यहां पर महिला जिप्सी ड्राइवर भी है जो कि पर्यटन स्थलों की सैर कराती हैं एवं महिला गाइड उनको पर्यटन स्थलों की जानकारी उपलब्ध कराती है। होटल अमलतास एक ऐसी प्रेरणादायक मिसाल है जो न केवल नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा देती है, बल्कि समाज की सोच को भी बदलने का कार्य कर रही है। इस पहल से यह सिद्ध होता है कि महिलाएं केवल समर्थ तो ठीक नेतृत्व में भी सक्षम हैं।

### आत्मनिर्भर होने का अहसास

होटल की रिसेप्शनिस्ट आलिया फातिमा बताती है कि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में "मध्य प्रदेश टूरिज्म ने महिलाओं के लिए ये एक बहुत अच्छी पहल की है. इससे हमें बहुत खुशी है। कई महिलाएं घरों से निकल नहीं पाती है लेकिन हम लोगों को यहां काम करने का मौका मिला है. हमारे लिए रोजगार का ये एक अच्छा अवसर है जिससे हमारे घरों की स्थितियों परिस्थितियों में सुधार आया है और हमारा आत्मनिर्भर होने का एहसास हमें शक्ति देता है।

### पर्यटकों को घर जैसी सुविधाएं

अमलतास होटल की मैनेजर ज्योति जयसवाल कहना है कि "जिस तरीके से महिलाएं घर को संभालती हैं, उसी तरह हम लोगों ने होटल को सजा संवारकर और सुंदर बनाकर रखा है। जिससे कोई भी पर्यटक यहां आए तो वह खुश होकर जाए। इस होटल को पूरी तरह से महिलाएं चला रही हैं। पर्यटकों को घर की तरह ही सारी सुविधाएं दी जाती है। वेटर सुनीता शर्मा बताती है कि "हमें यहां घर जैसा माहौल लगता है। सभी पर्यटकों को भी घर जैसा खाना मिलता है।

### महिला पर्यटकों की पसंद बना होटल 'अमलतास'

अमलतास होटल में महिलाओं का स्टाफ होने के चलते महिला पर्यटक की संख्या भी इस होटल में बढ़ी है। महिला पर्यटक यहां सुरक्षित एवं स्वतंत्र महसूस करती हैं। उन्हें यहां घर जैसा खाना और घर जैसी सुविधाएं मिलती हैं जिससे महिला पर्यटकों की पहली पसंद होटल अमलतास बन गई है। पर्यटकों का कहना है कि इस प्रकार का नवाचार अन्य राज्यों को भी करना चाहिए, ताकि महिलाओं को बढ़ावा मिल सके और वे समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें।

## 35 लाख लोगों को मिला आजीविका का साधन, डिजिटल हो रहे हैं मध्यप्रदेश के जंगल

# वनों का संरक्षण एवं संवर्धन पहली प्राथमिकता : सीएम डॉ. मोहन यादव

**विजय मत, भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश के वनों के संरक्षण एवं संवर्धन को पहली प्राथमिकता में रखा गया है। वनों को हरा-भरा रखने के लिये अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। अब प्रदेश का वन क्षेत्र बढ़ रहा है और ओपन फारेस्ट कम हो रहा है। मध्यप्रदेश वनों में हर्बल औषधियों का भी खजाना है। वर्ष 2024-25 में वन विभाग 6 करोड़ से अधिक की हर्बल औषधियों की आपूर्ति आयुष विभाग एवं सरकारी संस्थानों को कर चुका है। मध्यप्रदेश प्राकृतिक संसाधनों की प्रचुरता, विशेष वन एवं वन्य प्राणियों की विविधता के लिये जाना जाता है। यहां वनों के रहने और नदियों के बहने का भी संबंध है। वनों की गोद से निकली सोन, नर्मदा, ताप्ती, चंबल के साथ सिंध, बेतवा, केन, धसान, तवा, क्षिप्रा और कालीसिंध जैसी नदियां जन-जीवन को जीवन दे रही हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि प्रदेश में वनों से निकलने वाले तेन्दूपत्ता से 15 लाख परिवारों की आजीविका चल रही



है। इससे 35 लाख लोग जुड़े हुये हैं, जिनमें 15 लाख पुरूष और 20 लाख से अधिक महिलाएं हैं। प्रदेश के वनों से हर वर्ष 12 लाख बोरा से अधिक तेन्दूपत्ता का संग्रहण किया जाता है। प्रदेश सरकार ने तेन्दूपत्ता संग्रहण करने वालों का पारिश्रमिक 3 हजार से बढ़ाकर 4 हजार रूपए प्रति मानक बोरा कर दिया है। वनोपजों के संग्रहण एवं विपणन के अधिकार ग्राम सभाओं को दिये गये हैं। तेन्दूपत्ता का संग्रहण एवं विपणन मध्यप्रदेश राज्य लघु वनोपज व्यापार एवं विकास सहकारी संघ मर्यादित के माध्यम से कराया जाता है।

प्रदेश के 20 जिलों की कुल 243 ग्राम सभाओं द्वारा स्वयं सग्रहण एवं विपणन किया जाता है। लघु वनोपज का स्वामित्व ग्राम सभाओं को सौंपा गया है। प्रदेश में लघु वनोपज व्यवसाय से ग्रामीणों को उचित लाभ दिलाने के लिये अनेक नीतिगत निर्णय लिये गये हैं। लघु वनोपज के अंतर्गत तेन्दूपत्ता के व्यवसाय से होने वाली सम्पूर्ण शुद्ध आय प्राथमिक सहकारी वनोपज समितियों को उपलब्ध कराई जा रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के वन क्षेत्र को हरा-भरा रखने के लिये वन विभाग की नई कार्ययोजना में 50 लाख हेक्टेयर वन क्षेत्र को टारगेट किया गया है इसके लिये 5 साल की कार्ययोजना बनाई गई है। कार्ययोजना के अंतर्गत नेशनल मिशन फॉर ए ग्रीन इंडिया के तहत वातावरण तैयार किया जाना है। इसमें वनों पर आधारित 30 लाख परिवारों की आजीविका को सुधारने का लक्ष्य है। ग्रीन इंडिया मिशन के अंतर्गत वर्ष 2017-18 से वर्ष 2024-25 तक 200 करोड़ से अधिक की राशि स्वीकृत हुई है इससे 29 हजार 876 हेक्टेयर क्षेत्र को उपचारित कर 70 लाख 37 हजार 589 पौधों का रोपण किया गया है। डॉ. यादव ने कहा कि जंगल के अलावा शहरी क्षेत्रों में भी हरियाली बढ़ाने के लिये नगर वन तैयार किये जा रहे हैं। प्रदेश में इस तरह के 100 नगर वन विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है। अभी तक 26 नगर वन तैयार हो चुके हैं और 29 नगर वन बनाये जाने का काम शुरू हो चुका है।

## सफलता की कहानी: छात्रावास से सेना तक का सफर

# अग्निवीर बने पिछड़ा वर्ग के पांच छात्र छिंदवाड़ा जिले को दिलाया गौरव

**विजय मत, भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के अग्निवीर भर्ती में युवाओं को निश्शुल्क प्रशिक्षण और बाद में अग्निवीरों को रोजगार में प्राथमिकता देने की घोषणा का युवाओं में सकारात्मक प्रभाव हुआ है। इसका शानदार उदाहरण है पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास छिंदवाड़ा, जहां रहकर पढ़ाई कर रहे पांच मेधावी छात्रों ने अग्निवीर सेना भर्ती परीक्षा में सफलता अर्जित कर जिले को गौरवान्वित किया है। छिंदवाड़ा जिले ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि सरकार की योजनाओं का लाभ लेकर अपने सपनों को साकार किया जा सकता है। यानि इच्छाशक्ति दृढ़ हो और संसाधनों का समुचित उपयोग हो, तो कोई भी सपना अधूरा नहीं रहता। इन छात्रों में अंकित वर्मा, राजेश यदुवंशी, मोहन यदुवंशी, अंकित यदुवंशी एवं अर्जुन यदुवंशी ने कठिन परिश्रम, अनुशासन और समर्पण के बलबूते यह उपलब्धि हासिल की है। छात्रों की सफलता न केवल उनके स्वयं के जीवन में एक नया अध्याय जोड़ेगी, बल्कि यह जिले के अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

छात्रावास में रहकर उन्होंने न




सिर्फ अपनी शैक्षणिक यात्रा को दिशा दी, बल्कि सेना जैसी प्रतिष्ठित सेवा में जाने के लिये प्रशिक्षण प्राप्त कर अपना सपना भी साकार किया। इनकी सफलता उस नीति की जीवंत मिसाल है, जिसके तहत शासन द्वारा आर्थिक रूप से पिछड़े विद्यार्थियों को निश्शुल्क आवासीय सुविधा उपलब्ध कराई जाती है, जिससे वे जिला मुख्यालय स्थित महाविद्यालयों में अध्ययन कर अपने भविष्य को मजबूत बना सकें। शासन की योजनाएं इन छात्रों के लिए मील का पत्थर बनी।

# निगम अमले ने एम.पी.नगर क्षेत्र से जप्त किए 25 कंडम वाहन, अवैध शेड व छप्पर भी तोड़े

- जिला प्रशासन की कार्यवाही में सहयोग देते हुए एम.पी.नगर जोन-1 व जोन-2 से जप्त किए वाहन

**विजय मत, भोपाल**

नगर निगम द्वारा सड़कों, फुटपाथों, कॉरीडोर व सार्वजनिक स्थलों आदि से अतिक्रमणों को हटाने तथा अवैध निर्माणों को तोड़ने तथा आवागमन में बाधक वाहनों को हटाने की कार्यवाही निरंतर की जा रही है साथ ही समय-समय पर जिला प्रशासन व अन्य विभागों द्वारा किए जाने वाली कार्यवाही में भी सहयोग किया जा रहा है। इसी तारतम्य में निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने जिला प्रशासन की कार्यवाही में सहयोग करते हुए एम.पी. नगर के विभिन्न क्षेत्रों में अवैध रूप से खड़े किए गए कंडम वाहन जप्त करने की कार्यवाही की साथ ही अवैध रूप से बने शेड, छप्पर



आदि भी जे.सी.बी के माध्यम से तोड़ने की कार्यवाही की।

निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन के निर्देश पर निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते के दलों ने रविवार को जिला प्रशासन की कार्यवाही में सहयोग करते हुए एम.पी. नगर जोन-1 एवं जोन-2 के विभिन्न क्षेत्रों में अवैध रूप से खड़े किए गए लगभग 25 वाहनों को जप्त किया। निगम अमले ने क्रेन व डम्पर आदि के माध्यम से उपरोक्त वाहनों को जप्त कर टी.टी. नगर दशहरा मैदान में रखवाया। कार्यवाही के दौरान एस.डी.एम., तहसीलदार व जिला प्रशासन एवं निगम के अधिकारी मौजूद थे।

### पिता के मरने के 43 साल तक पीएफ के लिए भटकता रहा पुत्र

**भोपाल।** न्याय इतना महंगा और इतना मुश्किल होगा। इसकी कल्पना इस बात से की जा सकती है। पिता की मृत्यु के बाद जमा पीएफ राशि को पाने के लिए एक पुत्र को 43 साल तक संघर्ष करना पड़ा। 4 साल जिला उपभोक्ता फोरम मे कानूनी लड़ाई लड़नी पड़ी। उसके बाद उसे न्याय तो मिला है। राशि कब मिलेगी यह कहना अभी भी मुश्किल है। जिला उपभोक्ता फोरम भोपाल ने भोपाल निवासी सदाशिव के पक्ष में फैसला सुनाते हुए, ईपीएफओ को ब्याज सहित 24 लाख 12251 भुगतान करने के आदेश दिए हैं।

### तंत्र-तंत्र से इलाज कराने का झांसा देकर 40 लाख की ठगी करने वाला मास्टरमाइंड गिरफ्तार

**विजय मत, भोपाल**

क्राइम ब्रांच भोपाल की टीम ने अलग-अलग राज्यो के रहने वाले तीन ऐसे शातिर आरोपियो को गिरफ्तार किया है, जिन्होनें महिला का इलाज तांत्रिक क्रियाओ और झाड़-फूंक से करने का झांसा देकर उसकी बेटी से धोखाधड़ी करते हुए नकदी सहित लाखो रुपये के जेवरात लेकर हड़प लिये थे। पुलिस ने मास्टरमांइड मुख्य आरोपी अंकित सिंह और उसके सहयोगी मकान मालिक से 13 लाख कीमत के जेवरात बरामद किये है। क्राइम ब्रांच एडीसीपी शैलेन्द्र सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया की पुष्पा नगर में रहने वाली एक महिला ने शिकायती आवेदन देते हुए बताया की उसकी मॉ अक्सर बीमार रहती है। परिवार वाले काफी समय से उनका लगातार इलाज करा रहे है। इसी दौरान उसकी मुलाकात आरोपी अंकित सिंह पिता आकाश सिंह (25) से हुई थी। अंकित मूल रुप से जिला बलिया, यूपी का रहने वाला था जो पुष्पा नगर में दूसरे आरोपी सनी अवस्थी के नवीन नगर में स्थित मकान में किराये से रहते हुए प्राइवेट नौकरी करता था। अंकित ने उसे झांसा देते हुए कहा की वह एक तांत्रिक को जानता है, जो उसकी माँ की बीमारी तंत्र क्रिया, झाड़-फूक और पूजा-पाठ से पूरी तरह से ठीक कर सकता है। परेशान पीड़िता ने उसकी बातो पर विश्वास कर लिया। इसके बाद अंकित ने पूजा-पाठ के नाम पर उससे रकम वसूलना शुरु कर दी। काफी पैसा खर्च होने पर भी जब महिला की मॉ की बीमारी ठीक नहीं हुई तब उसने इलाज कराने से मना किया। इस पर अंकित और उसके साथियो ने उसे डराते हुए कहा की यदि तंत्र क्रिया का बीच में अधुरा छोड़ा गया तो उसके भाई और माता-पिता की मौत हो जायेगी।

## विजय मत एंकर — जल गंगा संवर्धन अभियान

# जल स्त्रोतों के निर्माण कार्य तेज गति से किये जा रहे हैं पूरे

**विजय मत, भोपाल**

प्रदेश में 30 मार्च से शुरू किये गये जल गंगा संवर्धन अभियान में जिलों में जल संरक्षण और उनके स्त्रोत के आस-पास साफ-सफाई के कार्य जनभागीदारी से लगातार किये जा रहे हैं। इसी के साथ प्रदेशभर में जल स्त्रोतों के निर्माण कार्य तेज गति से पूरे किये जा रहे हैं। खंडवा में 30 जून को राज्य स्तरीय वॉटर शेड सम्मेलन के साथ इस अभियान का समापन होगा। राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी मौजूद रहेंगे। करीब तीन माह से चल रहे अभियान में प्राचीन बावड़ियों को चिन्हित किया गया और उनके ऐतिहासिक महत्व की जानकारी जनसामान्य को दी गई। प्रदेशभर में जल चौपाल और जल यात्राओं का निरंतर आयोजन किया गया। ग्रामीणों को अच्छे भविष्य के लिये जल संरक्षण की गतिविधियां निरंतर आयोजित करने के लिये शपथ दिलाई गई।

सतना जिले के नगर परिषद बिरसिंहपुर में विधायक श्री सुरेंद्र सिंह गहरवार के नेतृत्व



में शीतला माता वार्ड क्रमांक-3 में तालाब का गहरीकरण मेड़ बंधान का कार्य किया गया है। नगर में इस तालाब निर्माण कार्य को देखकर जनता में खुशी का माहौल है। जल गंगा संवर्धन अभियान से पहले क्षेत्र के इस तालाब का नामोनिशान मिट गया था। जनभागीदारी से यह तालाब क्षेत्र के लोगों में नया विश्वास पैदा करेगा। जिले में जन जागरूकता के लिये ग्रामीण क्षेत्रों में जल चौपाल के आयोजन किये गये इसी के साथ खेत का पानी खेत में को केन्द्रित करते हुए किसानों को खेत तालाब बनाने के लिये प्रोत्साहित किया गया।

बुरहानपुर जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान में जन जागरूकता पर विशेष ध्यान दिया गया है। दीवारों पर पानी के महत्व को बताते हुए स्लोगन लिखे गये हैं। इनमें प्रमुख हैं ÷पानी है जीवन की आस, इसे बचाने का करो प्रयास÷ ÷बोलेगी चिड़िया डाली-डाली, पहले फैलाओ हरियाली÷ ÷दूषित नहीं करना जल, बर्बाद हो जायेगा कल÷ ÷सांसे हो रही है कम, आओ पेड़ लगाएं हम÷ ÷सबका हो एक ही नारा, वर्षा जल बचाओ सारा÷ ÷साफ सुथरा पानी, अच्छे स्वास्थ्य की निशानी÷। नगर परिषद शाहपुर क्षेत्र में भी दीवारों पर यह नारे चित्र सहित लिखे गये हैं।

कलेक्टर हर्ष सिंह के निर्देश पर जनभागीदारी के साथ जिले के जल स्त्रोतों की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया गया है। जन सामान्य को क्षेत्र के तालाबों के ऐतिहासिक महत्व के बारे में जानकारी दी गई है। इसी के साथ जन समुदाय को पर्यावरण संरक्षण के लिये जल क्षेत्र के आस-पास साफ-सफाई निरंतर किये जाने की शपथ दिलाई गई है। जिले में 400 से अधिक श्रमवीरों ने एक लाख विभिन्न किस्मों के बीज रोपे हैं। जिले में ''एक पेड़ माँ के नाम'' अभियान के तहत कार्ययोजना तैयार कर विभिन्न स्थानों पर पौधरोपण एवं बीजारोपण कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है।

# प्रॉपर्टी ब्रोकर ने फ्लैट से हटाकर बैग जला दिला था, पुलिस ने एकत्र किए अवशेष

**विजय मत, ब्यूरो, इंदौर**

शिलांग में हुए राजा रघुवंशी हत्या के बाद इंदौर में एक प्रॉपर्टी ब्रोकर ने सोनम की मदद की थी। हत्याकांड से जुड़े सबूत नष्ट करने में उसकी भूमिका सामने आई है। प्रॉपर्टी कारोबारी सिलोम जेम्स ने ही राज को देवास नाका क्षेत्र में फ्लैट दिलाया था।

बता दें कि सोनम के इंदौर से रवाना होने के बाद सिलोम फ्लैट पर गया था। उसने बैग व अन्य वस्तुएं फ्लैट से हटा दीं। इसके बाद उसने बैग को हरे कृष्ण विहार कॉलोनी में ले जाकर जला दिया। हिरासत में लेने के बाद पुलिस ने उससे पूछताछ की तो उसने बैग जलाने की बात कबूली। पुलिस उसे मौके पर लेकर पहुंची और जले हुए बैग के अवशेष जब्त किए हैं। बैग से उसने क्या सामान निकाला, पुलिस इसकी जांच कर रही है।



### पुलिस को फ्लैट मिला था खाली

गौरतलब है कि आठ जून की रात शिलांग पुलिस ने इंदौर में चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था और सोनम गाजीपुर में मिली थी। शिलांग पुलिस को पता चला था कि सोनम राजा की हत्या के बाद इंदौर में राज से मिलने गई थी। आरोपियों के रिमांड के बाद यह पता चला कि सोनम 26 मई को इंदौर आ गई थी और देवास नाका के फ्लैट में छुपी रही। जब शिलांग पुलिस इंदौर में फ्लैट की तलाशी लेने पहुंची थी अफसरों को फ्लैट खाली मिला।

### बिल्डिंग का गार्ड भी गिरफ्तार

आरोपियों ने शिलांग में बताया कि फ्लैट खाली करने का बाद प्रॉपर्टी ब्रोकर को चाबी दे दी गई थी। इसके बाद पुलिस जेम्स को खोज रही थी। पुलिस उसे भी शिलांग ले जाएगी। उसने हत्यारों की मदद की। उधर पुलिस ने बिल्डिंग के गार्ड को भी अशोक नगर से गिरफ्तार किया है। जेम्स ने उसे फ्लैट की चाबी दी थी। आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद से गार्ड भी गायब हो गया था।

संस्थापक
श्री रामसिपाही शुक्ल

# अतुल्य भारत, अजेय भारत मोदी युग ने पर्यटन को कैसे नया स्वरुप दिया

**गजेंद्र सिंह शेखावत**

पिछले दशक में, भारत की पवित्र भूमि को सिर्फ़ देखा ही नहीं गया है - बल्कि इसे फिर से खोजा गया है। पहाड़ अब सिर्फ़ परिदृश्य नहीं रह गए हैं; वे जीवित अभयारण्य हैं। केदारनाथ और बद्रीनाथ के बर्फ से ढके मंदिरों से लेकर बोधगया की ध्यानपूर्ण शांति और सारनाथ की सुनहरी नीरवता तक, भारत की आध्यात्मिक आत्मा ने एक-एक तीर्थयात्री की भावना को उद्वेलित किया है। इस युग में पर्यटन, विवरण पुस्तिका (ब्रोशर) के ज़रिए नहीं, बल्कि भक्ति, स्मृति और फिर से जुड़ने की सभ्यतागत प्रेरणा के ज़रिए तैयार किया गया था। 2014 और 2024 के बीच, इस आध्यात्मिक जागृति ने देश के सांस्कृतिक मानचित्र को नया स्वरुप दिया। केदारनाथ, जो कभी त्रासदी का प्रतीक था, फ़ीनिक्स की तरह उभरा - 2024 में यहां 16 लाख से ज़्यादा तीर्थयात्री आये, जबकि एक दशक पहले यह संख्या केवल 40,000 थी। उज्जैन को महाकाल के शहर के रूप में पुनर्जीवित किया गया, इसने 2024 में 7.32 करोड़ आगंतुकों का स्वागत किया। प्रकाश और पवित्रता में पुनर्जन्म लेने वाली काशी ने 11 करोड़ लोगों को अपनी पवित्र गलियों में भ्रमण करते देखा। बोधगया और सारनाथ की गूंज कई महाद्वीपों में सुनायी दी, दोनों तीर्थस्थलों ने 2023 में 30 लाख से ज़्यादा साधकों को आकर्षित किया। और फिर एक ऐसा क्षण आया, जो आंकड़ों से पार चला गया –जनवरी 2024 में अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा। यह कोई उद्घाटन नहीं था; यह सभ्यता की धड़कन का जीर्णोद्धार था। महज छह महीनों में, 11 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं का आगमन हुआ –न सिर्फ देखने के लिए, बल्कि इससे जुड़ने के लिए। लगभग इतना ही ऐतिहासिक था, महाकुंभ 2025, जो दुनिया का सबसे बड़ा आध्यात्मिक समागम था, जिसमें 65 करोड़ से ज्यादा तीर्थयात्री आस्था और उत्कृष्टता के संगम पर पहुंचे। अयोध्या और प्रयागराज, साथ मिलकर, भारत के आध्यात्मिक पुनर्जागरण के दो प्रकाश स्तंभ बन गए।



मोदी सरकार ने प्रारंभ से ही पर्यटन को राष्ट्रीय पुनरुत्थान की ताकत के रूप में देखा है। स्वदेश दर्शन और इसके उन्नत रूप, स्वदेश दर्शन 2.0 के माध्यम से, पर्यटन मंत्रालय ने रामायण, बौद्ध, तटीय और आदिवासी जैसे विषयगत सर्किट के तहत 110 परियोजनाएँ विकसित कीं। 2014-15 में शुरू की गई मूल योजना में कुल 5,287.90 करोड़ रूपये की लागत से 76 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई थी। स्वदेश दर्शन 2.0 में, स्थाई गंतव्यों को विकसित करने के लिए 2,106.44 करोड़ रूपये के साथ 52 परियोजनाएँ जोड़ीं गईं। चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी) उप-योजना के तहत, 623.13 करोड़ रूपये की 36 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई, जबकि एसएएससीआई योजना के अंतर्गत राज्य के नेतृत्व में पर्यटन अवसंरचना के विस्तार के लिए 3,295.76 करोड़ रूपये की 40 परियोजनाओं को स्वीकृति दी गयी। इसके साथ ही, प्रसाद योजना के जरिये उन्नत सुविधाओं, प्रकाश व्यवस्था और स्वच्छता के साथ 100 तीर्थ शहरों को पुनर्जीवित किया गया। इन प्रयासों से भारत में 2023 में 250 करोड़ से अधिक घरेलू पर्यटकों की यात्रा दर्ज की गयी - जो अब तक का सबसे अधिक है।

2024-25 के केंद्रीय बजट में एक ऐतिहासिक घोषणा के तहत 50 पर्यटन स्थलों को विकसित करने का प्रस्ताव रखा गया, उन्हें निवेश और वित्तपोषण को आसान बनाने के लिए अवसंरचना सामंजस्य मास्टर सूची (आईएचएमएल) में जोड़ा गया। पुनरुद्धार केवल पवित्र स्थानों तक सीमित नहीं था। 2018 में अनावरण की गई स्टैच्यू ऑफ यूनिटी, देश के सबसे अधिक देखे जाने वाले स्मारकों में से एक बन गई, जिसे 2023 में 50 लाख से अधिक आगंतुक देखने आये। इसके चारों ओर इको-टूरिज्म पार्क, टेंट सिटी और आदिवासी संग्रहालय विकसित हुए हैं - जो सम्मान को अवसर में बदल रहे हैं। भारत का सभ्यतागत आत्मविश्वास इसकी कूटनीति में परिलक्षित होने लगा। फ्रांस, जापान, यूएई, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण कोरिया के राजनेताओं का, न केवल दिल्ली में, बल्कि वाराणसी, उदयपुर, अयोध्या और महाबलीपुरम में भी स्वागत हुआ। सॉफ्ट पावर अब सॉफ्ट नहीं रही - यह 3डी अनुभव हो गयी। रिवर क्रूज़, दीपोत्सव, आध्यात्मिक भ्रमण और सांस्कृतिक प्रदर्शन ने राजकौशल को आत्मा के शिल्प में बदल दिया।

इस बीच, अतुल्य भारत 2.0 ने देश को स्मारकों की भूमि से बदलकर बदलाव की भूमि बना दिया। ऋषिकेश में योग, केरल में आयुर्वेद, पूर्वोत्तर में जनजातीय त्योहार और कच्छ में शिल्प ने पर्यटन इकोसिस्टम को जीवंत व विशिष्ट स्थान प्रदान किया। विपणन को अब स्मृति से अलग करना मुश्किल था। इस क्षेत्र की आर्थिक स्थिति भी बहुत प्रभावशाली रही। अप्रैल 2000 से दिसंबर 2023 के बीच, भारत ने पर्यटन में 18 बिलियन डॉलर से अधिक का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आकर्षित किया। प्रमुख आतिथ्य अवसंरचना परियोजनाओं में 2014-22 के दौरान 9 बिलियन डॉलर का निवेश हुआ। केवल 2023 में, भारत ने 9.52 मिलियन विदेशी पर्यटकों के साथ 2.31 लाख करोड़ रूपये (28.7 बिलियन डॉलर) की विदेशी मुद्रा अर्जित की, जिसमें पिछले वर्ष की तुलना में 47.9त्न की वृद्धि दर्ज की गयी। इस क्षेत्र ने 2023-24 में 84.63 मिलियन नौकरियों का सृजन किया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 8.46 मिलियन अधिक थीं - इस प्रकार पर्यटन क्षेत्र भारत के विकास और रोज़गार की आधारशिला के रूप में उभरा। पर्यटन एक संपूर्ण आयाम वाले मिशन के रूप में विकसित हुआ। 'एक विरासत अपनाएँ' योजना के तहत प्रमुख स्थलों का कॉर्पोरेट प्रबंधन शुरू हुआ, जबकि उड़ान योजना ने शिरडी, जीरो और मिनिकॉय जैसे दूर-दराज के स्थानों को हवाई मार्ग से जोड़ा। राष्ट्रीय डिजिटल पर्यटन मिशन ने टिकट बुकिंग, डेटा और यात्रा कार्यक्रमों का एक एकीकृत प्लेटफ़ॉर्म में एकीकरण करना शुरू किया। पूर्वोत्तर- जो कभी उपेक्षित था- मुकुट के एक रत्न के रूप में उभरा। एक्ट ईस्ट नीति और अवसंरचना पर विशेष ध्यान की वजह से अरुणाचल, सिक्किम और मेघालय जैसे राज्यों में पर्यटकों का आगमन 2014 और 2022 के बीच दोगुना हो गया।

(यह लेखक के निजी विचार हैं)- साभार

> यह पर्यटन नहीं था—यह घर वापसी थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इस वापसी को आकार, अवसंरचना और आत्मा दी गई। अब पर्यटन एक जांच सूची (चेकलिस्ट)-संचालित उद्योग नहीं रहा, बल्कि पवित्र 'स्व' को फिर से खोजने का एक राष्ट्रीय मिशन बन गया। प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी मंत्र - भारत में विवाह करें, भारत की यात्रा करें, भारत में निवेश करें - ने पर्यटन को एक सांस्कृतिक आह्वान में बदल दिया।

# अमेरिका का ईरान के तीन परमाणु ठिकानों पर हमला

अब ईरान और इजरायल की जंग में अब अमेरिका भी कूद गया है। अमेरिका ने ईरान के तीन परमाणु ठिकानों पर देर रात बी 2 बांबर बम से हमला करके भारी तबाही मचाई है। अमेरिका ने ईरान और इजरायल युद्ध के लिए बी 2 बॉम्बर, पनडुब्बी मिसाइलों के जरिए सुनयोजित रूप से ईरान पर हमला किया है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के तीन परमाणु ठिकानों फोरडो, नतांज और इसफहान पर विनाशकारी हमले का दावा करते हुए कहा है, कि यह हमला शांति के लिए किया गया है। अमेरिका के इस जंग में कूदने के बाद तीसरे विश्व युद्ध की आशंका से सारी दुनिया में अफरा-तफरी मच गई है। ईरान सरकार ने अमेरिका को गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी है। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामनेई ने अमेरिका को गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी देते हुए कहा है, ईरान अब चुन-चुन कर अमेरिकी ठिकानों पर सीधे हमले करेगा। अमेरिकी हमले के बाद ईरान ने इजराइल पर बैलिस्टिक मिसाइलों के माध्यम से भारी बमबारी शुरू कर दी है। ईरान ने बहरीन में अमेरिकी नौ सैनिक बेड़े तथा फ्रांस के जहाजों को निशाने पर ले लिया है। इन पर कभी भी ईरान का भारी हमला हो सकता है। ईरान इस समय डू एंड डाई की आक्रामक मुद्रा में है। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामनेई ने अपने तीन उत्तराधिकारी घोषित करके अपने तेवर बता दिए हैं। उनके आक्रामक तेवर देखकर पता चलता है कि ईरान इस लड़ाई को निर्णायक मोड़ तक लेकर जाएगा। ईरान और इजरायल युद्ध में अमेरिका के कूद जाने के बाद सारे विश्व में इसकी तीव्र प्रतिक्रिया हो रही है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जिस तरह से सारे विश्व में अपनी बादशाहत कायम करना चाहते हैं। वह जिस तरह का व्यवहार दुनिया के अन्य देशों के साथ कर रहे हैं। उसके बाद चीन-रूस जैसे शक्तिशाली देश अमेरिका को पहले ही चेतावनी दे चुके थे।

**नोट**

सम्पादकीय पृष्ठ पर प्रकाशित लेख-आलेख एवं विचार लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं अतः यह जरूरी नहीं है कि विजय मत समूह उपरोक्त लेख या विचारों से सहमत हो। किसी लेख से जुड़े सभी दावे या आपत्ति के लिए सिर्फ लेखक ही जिम्मेदार हैं।

# आधुनिक ओलम्पिक खेलों के 129 वर्ष

**योगेश कुमार गोयल**

भारत आधुनिक ओलम्पिक खेलों में 105 वर्ष का सफर पूरा कर रहा है। भारत ने पहली बार वर्ष 1900 में ओलम्पिक में हिस्सा लिया था। तब भारत की ओर से केवल एक एथलीट नॉर्मन प्रिचर्ड को भेजा गया था, जिसने एथलेटिक्स में दो रजत पदक जीते थे। हालांकि भारत ने अधिकारिक तौर पर पहली बार 1920 में ओलम्पिक खेलों में हिस्सा लिया था। 2024 में पेरिस ओलम्पिक में भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 6 पदक भारत की झोली में डाले थे जबकि उससे पहले 2021 में टोक्यो ओलम्पिक में भारत 7 पदक जीतने में सफल हुआ था। ओलम्पिक खेलों की शुरूआत करीब 2798 वर्ष पूर्व ग्रीस में जीयस के पुत्र हेराकल्स द्वारा की गई मानी जाती है किन्तु ऐसी धारणा है कि यह खेल उससे भी काफी पहले से ही खेले जाते रहे थे। 776 ईसा पूर्व विधिवत रूप से शुरू हुए ओलम्पिक खेलों का सिलसिला उसके बाद निर्बाध रूप से 393 ई. तक अर्थात् 1169 वर्षों तक चलता रहा। इन खेलों के माध्यम से ऐसा प्रदर्शन किया जाता था, जो मानव की शक्ति, गति एवं ऊर्जा का परिचायक माना जाता था। प्राचीन ओलम्पिक खेलों का आयोजन ईश्वर को श्रद्धांजलि देने के लिए किया जाता था।




आईओसी के स्थापना दिवस 23 जून को ही बाद में अंतर्राष्ट्रीय ओलम्पिक समिति द्वारा प्रतिवर्ष ओलम्पिक दिवस के रूप में मनाया जाना शुरू किया गया। आईओसी द्वारा प्रत्येक चार वर्ष के अंतराल पर ग्रीष्मकालीन ओलम्पिक खेल, शीतकालीन ओलम्पिक खेल और युवा ओलम्पिक खेल का आयोजन किया जाता है। पहला ग्रीष्मकालीन ओलम्पिक वर्ष 1896 में यूनान के एथेंस में तथा पहला शीतकालीन ओलम्पिक 1924 में फ्रांस के चेमोनिक्स में आयोजित किया गया था। ओलम्पिक दुनिया की सबसे बड़ी खेल प्रतियोगिता है, जिसमें दो सौ से ज्यादा देश हिस्सा लेते हैं।

फ्रांस के युवा शिक्षाशास्त्री पियरे द कुबर्तिन ने आधुनिक ओलम्पिक खेलों की आधारशिला रखी थी और उनके द्वारा 23 जून 1894 को अंतर्राष्ट्रीय ओलम्पिक समिति की स्थापना किए जाने के बाद नए रूप में 1896 से आधुनिक ओलम्पिक खेलों का आयोजन शुरू हुआ। उसके बाद ओलम्पिक खेल प्राचीन ओलम्पिक खेलों की ही भांति हर चार वर्ष के अंतराल पर आयोजित किए जाने लगे। एक जनवरी 1863 को जन्मे पियरे द कुबर्तिन की उम्र उस वक्त सिर्फ सात साल थी, जब 1870 में फ्रैंच-परसियन लड़ाई में जर्मनी ने फ्रांस पर कब्जा कर लिया था। माना जाता है कि उस हार के कुछ वर्षों बाद कुबर्तिन इसका विश्लेषण करने पर इस नतीजे पर पहुंचे कि फ्रांस की हार का कारण उसकी सैन्य कमजोरियां नहीं बल्कि फ्रांसीसी सैनिकों में ताकत की कमी थी। जर्मन, ब्रिटिश और अमेरिकन बच्चों की शिक्षा का अध्ययन करने के बाद कुबर्तिन ने पाया कि उन्हें ताकतवर और हर क्षेत्र में अग्रणी बनाने में खेलों में उनकी भागीदारी की सबसे प्रमुख भूमिका थी जबकि फ्रांसीसी खेलों में भागीदारी के मामले में काफी पिछड़े थे। उसके बाद कुबर्तिन ने कोशिशें की कि फ्रांसीसियों को किसी भी तरह खेलों के प्रति आकर्षित किया जाए लेकिन उन्हें इन प्रयासों में उत्साहजनक सफलता नहीं मिली किन्तु कुबर्तिन अपने इरादों पर दृढ़ थे।

1890 में कुबर्तिन ने 'यूनियन डेस सोसायटीज फ्रांसीसीज द स्पोर्ट्स एथलेटिक्स' नामक एक खेल संगठन की नींव रखी और उसके दो वर्ष बाद कुबर्तिन के दिमाग में ओलम्पिक खेलों को पुनर्जीवन देने का विचार आया। खेल संगठन की 25 नवम्बर 1892 को पेरिस में हुई एक मीटिंग में उन्होंने इस संबंध में अपने विचार भी रखे किन्तु उनके उस भाषण से कुछ हासिल नहीं हुआ। उसके दो वर्ष बाद कुबर्तिन ने 9 देशों के कुल 79 डेलीगेट्स की एक मीटिंग आयोजित की। इस मीटिंग में कुबर्तिन ने पूरे उत्साह से ओलम्पिक खेलों की नए सिरे से पुनः शुरूआत करने संबंधी भाषण दिया और इस बार वह लोगों को अपने विचारों से प्रभावित करने में सफल हुए। कांफ्रैंस में सभी डेलीगेट्स ने एकमत से ओलम्पिक खेल कराए जाने के पक्ष में वोट दिया और तय किया गया कि कुबर्तिन इन खेलों के आयोजन के लिए एक अंतर्राष्ट्रीय समिति का गठन करें। उसके बाद 'अंतर्राष्ट्रीय ओलम्पिक समिति' का गठन हुआ, जिसके प्रथम अध्यक्ष के रूप में ग्रीस के डेमट्रियोस विकेलास का चयन हुआ। प्रथम ओलम्पिक खेलों के आयोजन के लिए एथेंस को चुना गया और इसकी तैयारियां शुरू हुई। 5 अप्रैल 1896 को प्रथम आधुनिक ओलम्पिक खेलों की शुरूआत हुई। प्रथम आधुनिक ओलम्पिक खेलों का उद्घाटन 5 अप्रैल 1896 को एथेंस (यूनान) में किंग जॉर्ज पंचम द्वारा किया गया। अमेरिका के जेम्स बी. कोनोली को पहले आधुनिक ओलम्पिक खेल में प्रथम ओलम्पिक चैम्पियन बनने का गौरव हासिल है।

पहले ओलम्पिक खेल की प्रतियोगिताओं में महिलाओं के भाग लेने पर प्रतिबंध था किन्तु सन् 1900 में दूसरे ओलम्पिक में महिलाओं को भी ओलम्पिक खेलों के जरिये अपनी प्रतिभा का परिचय देने का अवसर मिल गया। प्रथम आधुनिक ओलम्पिक में भाग लेने वाले कुछ खिलाड़ी तो ऐसे भी थे, जो उस वक्त एथेंस में ही पर्यटक के तौर पर पहुंचे हुए थे। 1896 से ओलम्पिक खेलों का आयोजन नियमित होता रहा है लेकिन प्रथम व द्वितीय विश्व युद्ध के कारण 1916, 1940 तथा 1944 के ओलम्पिक आयोजन रद्द करने पड़े थे। यूनान (ग्रीस), ब्रिटेन, स्विट्जरलैंड, आस्ट्रेलिया तथा फ्रांस ही पांच ऐसे देश हैं, जिन्होंने अब तक हर ग्रीष्मकालीन ओलम्पिक खेलों में हिस्सा लिया है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं)- साभार

> अंतर्राष्ट्रीय ओलम्पिक दिवस मनाए जाने की शुरुआत 23 जून 1948 को हुई थी। दरअसल आधुनिक ओलम्पिक खेलों का पहला आयोजन तो वर्ष 1896 में हुआ था लेकिन अंतर्राष्ट्रीय ओलम्पिक समिति (आईओसी) की स्थापना पियरे द कुबर्तिन द्वारा 23 जून 1894 को की गई थी, जिसके प्रथम अध्यक्ष बने थे यूनानी व्यापारी डेमट्रियोस विकेलास। आईओसी का मुख्यालय स्विट्जरलैण्ड के लॉजेन में स्थित है और वर्तमान में दुनियाभर में 205 राष्ट्रीय ओलम्पिक समितियां इसकी सदस्य हैं।

# ईरान और इजरायल के तीव्र होते युद्ध से बढ़ते खतरे


**ललित गर्ग**

हिंसा, युद्ध, आतंकवाद, आर्थिक प्रतिस्पर्धा से त्रस्त दुनिया में क्या अब शांति एवं अमन की संभावनाओं पर विराम लग गया है? क्या शांतिपूर्ण नये विश्व की संरचना अब दिवास्वप्न है? रूस और यूक्रेन के लम्बे युद्ध के बाद इजराइल और ईरान का युद्ध विश्व के लिये महाविनाश की टंकार है। इस युद्ध के खतरे बढ़ते ही जा रहे हैं। अब तक के नौ दिनों के युद्ध में ईरान और इजरायल में सैकड़ों की मौत, हजारों घायल, अरबों का नुकसान, दुनिया में अनिश्चिंतता एवं भय का माहौल, तेल की बढ़ती कीमतों से महंगाई बढ़ने की आशंका ने समूची दुनिया को डरा रखा है। ईरान के परमाणु कार्यक्रम को गंभीर नुकसान पहुंचा है, लेकिन नष्ट नहीं किया गया है। अमेरिका और इजराइल का मानना है कि ईरान ने परमाणु बम बनाने की क्षमता हासिल कर ली है और अगर अब उसे नहीं रोका गया, तो खतरा पूरी दुनिया को होगा। इजराइल इसी खतरे को मिटाने की बात कहकर ईरान पर तीव्र से तीव्रत्तर हमले कर रहा है और ईरान भी जबावी हमलों में इजरायल में तबाही मचा रखी है। युद्ध भले ही इन दो देशों के बीच हो रहा है, लेकिन उसका प्रभाव समूची दुनिया पर हो रहा है। इस संघर्ष को रोकना आवश्यक है, भले ही अमेरिका अभी तक मैदान में नहीं उतरा और यूरोप अपनी तरफ से कोशिश कर रहा है। इस युद्ध को रोकने के लिये बातचीत ही एकमात्र रास्ता है।

ईरान और इजरायल संघर्ष की वजह से दुनिया में अनिश्चिंतता एवं अस्थिरता के बादल मंडरा रहे हैं। विशेषतः तेल के दाम आसमान छूने लगे हैं। पिछले दिनों क्रूड ऑयल के दाम में एक ही दिन में पिछले तीन साल की सबसे बड़ी तेजी देखी गयी है। दोनों देश एक-दूसरे के ऊपर मिसाइलों से हमला कर रहे हैं, परमाणु युद्ध की आशंकाएं उग्र होती जा रही है। दोनों देशों के बीच फिलहाल इस युद्ध के रुकने की कोई उम्मीद नजर नहीं आ रही है। तेल की बढ़ती कीमतों ने भारत समेत दुनियाभर के लिए संकट पैदा कर दिया है। क्रूड ऑयल की ग्लोबल डिमांड का 2 प्रतिशत ईरान से आता है। यहां के खरग द्वीप से करीब 90 प्रतिशत तेल बाहर भेजा जाता है। सैटेलाइट इमेज से पता चलता है कि क्रूड शिपमेंट में कमी आई है। पूर्ण युद्ध की स्थिति में ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद कर सकता है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार

## शब्द पहेली - 8406




**बाएँ से दाएँ**

1. आकाश, व्योम-2
2. नाजुक, मुलायम-3
4. हार, पराजय-2
6. संध्या, सांझ, गोधूलि-2
7. जोर, बल-2
9. सोना, धतूरा-3
12. नाप-जोख करना-3
14. सिक्कों की आवाज-3
16. रहस्यज्ञाता-4
17. तालाब, ताल, तलैया-4
18. नियंत्रण, घोड़े की रास-3
20. गिरवी वस्तु-3
22. सैनिक कार्रवाई-3
24. चिट्ठी, पत्र-2
26. बर्तन-2
27. सुर, क्रम-2
28. वाचन करने वाला-3
29. पितामह-2

**ऊपर से नीचे**

1. लवण-3
2. भीगा हुआ-2
3. खुमार, नशा-2
5. सर्दी में हाथ सेंकना-3
6. भाजी, सब्जी, तरकारी-2
8. इंकार, मनाही-2
10. मस्जिद, नमाज पढ़ने की जगह-5
11. आम जनता-2
13. लालन-पालन-5
14. इमाम दस्ता -3
15. वचन, प्रतिज्ञा-3
19. रुखसार, कपोल-2
20. पासे फेंक कर भविष्य जानना-3
21. नाखून-2
22. सखा, दोस्त-2
23. निजात, छुटकारा-3
25. इस पर रोटी सेंकते हैं-2
26. पवित्र-2

**शब्द पहेली -8405 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | हा | का | ल | | च | र | क | |
| त | र | | ह | | कि | | ला | क |
| वा | | ह | जा | म | त | | | सू |
| ला | य | क | | द | | ना | सू | र |
| | | ला | वा | | व | जु | | |
| ना | प | ना | | आ | | क | या | स |
| य | | | म | हा | न | ता | | र |
| क | था | | जा | | र | | सी | ता |
| | ल | ल | क | | म | हा | रा | ज |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**23 जून 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मिथुन में | कर्क | 07.00 बजे से |
| चंद्र | वृष में | सिंह | 09.16 बजे से |
| मंगल | सिंह में | कन्या | 11.28 बजे से |
| बुध | कर्क में | तुला | 13.39 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | वृश्चिक | 15.54 ब.से |
| शुक्र | मेष में | धनु | 18.10 बजे से |
| शनि | मीन में | मकर | 20.15 बजे से |
| राहु | कुंभ में | कुंभ | 22.01 बजे से |
| केतु | सिंह में | मीन | 23.34 बजे से |
| राहुकाल 7.30 से 9.00 बजे तक | | मेष | 01.05 बजे से |
| | | वृष | 02.45 बजे से |
| | | मिथुन | 04.43 बजे से |

**सोमवार** 2025 वर्ष का 174 वा दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** आषाढ़ (दक्षिण भारत में ज्येष्ठ)
**पक्ष** कृष्ण
**तिथि** त्रयोदशी 22.10 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** कृत्तिका 15.17 बजे को समाप्त।
**योग** धृति 13.17 बजे को समाप्त।
**करण** गर 11.47 बजे तदनन्तर वणिज 22.10 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 24.9 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 23° 26'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872384
**जूलियन दिन** 2460849.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** जिल्हेज **तारीख** 26
**विशेष** प्रदोष व्रत, मासिक शिवरात्रि।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

# अमृत 2.0 योजना में देरी से नागरिक परेशान

**एक साल बाद भी सर्वे अधूरा, शहडोल नगर में साल भर में नहीं हुआ सर्वे पूरा, फंसा विकास का पानी**

**विजय मत, शहडोल**

शहर में अमृत 2.0 योजना के तहत 8 हजार घरों में नल कनेक्शन देने और 80 किलोमीटर पाइपलाइन बिछाने की योजना जून 2024 में शुरू की गई थी। योजना की शुरुआत गणपति कंस्ट्रक्शन द्वारा तीन माह में सर्वे पूरा करने के लक्ष्य के साथ की गई, लेकिन एक साल बाद भी यह कार्य अधूरा है। सर्वे रिपोर्ट अभी भी भोपाल स्थित कंसल्टेंसी एजेंसी के पास अटकी हुई है। नगर पालिका की धीमी कार्यप्रणाली और समुचित निगरानी के अभाव में योजना ठप पड़ती दिख रही है।

### जरूरत है पानी की, इंतजार है विकास का

शहर में कई इलाकों में लोग आज भी पेयजल की समस्या से जूझ रहे हैं। नगर पालिका द्वारा टैंकर से आपूर्ति की जाती है, लेकिन उसमें भी लचर व्यवस्था सामने आ रही




है। नागरिकों का आरोप है कि टैंकर कभी समय पर नहीं पहुंचते और पानी की आपूर्ति अनिश्चित रहती है।

### पार्षदों की खींचतान से सर्वे में रुकावटें

सर्वे कार्य में देरी का एक बड़ा कारण पार्षदों की आपसी खींचतान भी रहा। अधिकांश पार्षद अपनी पसंद की गलियों को सर्वे में शामिल कराने की कोशिश में लगे रहे, जिससे तकनीकी टीम को बार-बार रूट बदलने पड़े और सर्वे का काम आगे नहीं बढ़ पाया।

### अमृत 2.0 योजना के प्रमुख बिंदु

- 17 करोड़ की लागत से योजना को अमलीजामा पहनाया जाना है।
- 40 किलोमीटर पुरानी पाइपलाइन बदली जाएगी व 40 किलोमीटर नई बिछेगी।
- 5 नई पानी टंकियों का निर्माण और मौजूदा फिल्टर प्लांट में मशीनों का उन्नयन किया जाएगा।
- टंकियों में डिजिटलीकृत मॉनिटरिंग सिस्टम लगाया जाएगा।

### योजना का उद्देश्य अच्छा, लेकिन ज़मीनी क्रियान्वयन शून्य

अमृत 2.0 योजना का उद्देश्य शहरी नागरिकों को नियमित, स्वच्छ और पर्याप्त मात्रा में पेयजल उपलब्ध कराना है। सरकार द्वारा घोषित यह योजना शहरी आधारभूत संरचना को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। शहर में लंबे समय से पानी की कमी और पुरानी पाइप लाइनों के कारण होने वाले लीकेज की समस्या बनी हुई है, जिससे नागरिकों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता।

**इनका कहना है**

ठेकेदार को नोटिस जारी किया गया है । ड्राइंग भी बनना है जल्द ही इसका काम चालू किया जाएगा।

**शरद द्विवेदी,**
**इंजीनियर नगरपालिका परिषद शहडोल**

## न्यूज इन शॉर्ट

### श्रीलंका की अंतरराष्ट्रीय कराते रेफरी/जज की परीक्षा के लिए प्रमोद का चयन



शहडोल। सोहागपुर मे स्थित विराट मार्शल आर्ट्स और फिटनेस एकेडमी के संचालक प्रमोद विश्वकर्मा का चयन अंतरराष्ट्रीय कराते रेफरी/जज की परीक्षा के लिए चयनित किया गया है जो की 2 जुलाई से 6 जुलाई तक श्रीलंका के कोलम्बो मे अंतरराष्ट्रीय कराते प्रतियोगिता व रेफरी जज की परीक्षा आयोजित होनी है बताया गया की मध्यप्रदेश स्पोर्टस कराते एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह तोमर के मार्गदर्शन के प्रमोद को पहली बार रेफरी /जज की परीक्षा के लिए भारत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला है।
इसके पूर्व भी खिलाडी के रूप मे भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए अंतरराष्ट्रीय कराते प्रतियोगिता मलेशिया मे कास्य पदक विजेता रह चुके है इस अवसर पर लाठी संघ के संभागीय अध्यक्ष संजीव निगम जिला कराते संघ शहडोल के सचिव अजय चौधरी, जिला संघ कराते संघ अनूपपुर के सचिव किशोर साकेत, आर, के मार्शल आर्ट्स के कोच रामकिशोर चौरसिया, रेम्बो मार्शल आर्ट्स के कोच संजय कंधीकार,विराट मार्शल आर्ट्स एकेडमी के अध्यक्ष अजय सोंधिया कोच शिवानी नामदेव ने प्रमोद को बधाई दी।

### संभागीय आईटीआई शहडोल में किया जाएगा अप्रेंटिसशिप ड्राइव का आयोजन

शहडोल। प्राचार्य संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था शहडोल ने जानकारी दी है कि ओरिएंट पेपर मिल्स अमलाई जिला शहडोल द्वारा शासकीय संभागीय आईटीआई शहडोल में अप्रेंटिसशिप ड्राइव का आयोजन किया जाएगा। जिसके लिए शैक्षणिक योग्यता व्यवसाय कोपा, इलेक्ट्रीशियन, इंस्ट्रूमेंट मैकेनिक,मशीनिस्ट फिटर एवं वेल्डर से आईटीआई उत्तीर्ण है। उन्होंने बताया कि व्यवसाय कोपा, इलेक्ट्रीशियन, इंस्ट्रूमेंट मैकेनिक एवं मशीनिस्ट के लिए 23 जून 2025 को प्रातः 10ः00 बजे से शाम 5ः00 बजे तक एवं फिटर एवं वेल्डर व्यवसाय हेतु 24 जून 2025 को प्रातः 10ः00 बजे से शाम 5ः00 बजे तक अप्रेंटिसशिप ड्राइव का आयोजन किया जाएगा।

### उप निर्वाचन हेतु नियुक्त प्रेक्षक के लिए लाइजनिंग ऑफिसर एवं स्टेनो नियुक्त

शहडोल। उप जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) श्रीमती अमृता गर्ग ने जानकारी दी है कि मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल द्वारा जिले के नगर परिषद खांड जिला शहडोल के वार्ड क्रमांक 8 के उप निर्वाचन वर्ष 2025 हेतु भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवा निवृत्त नीरज दुबे, मोबाइल नंबर 9425 6792 88 को प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। प्रेक्षक नीरज दुबे प्रथम चरण में 26 जून 2025 तक तथा द्वितीय चरण में 6 जुलाई 2025 से दिनांक 10 जुलाई 2025 तक नगर परिषद खांड के भ्रमण पर रहेंगे। उप जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) श्रीमती अमृता गर्ग ने प्रेक्षक नीरज दुबे के लिए कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग बाणसागर परियोजना प्रकाश सिंह धुर्वे मो.नं.6263120336 को लायजनिंग ऑफिसर एवं प्रदीप निगम कार्यालय नगर परिषद खांड मो. नं. 9755653424 को स्टेनो नियुक्त किया है।

### धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत विभिन्न योजनाओं के तहत लोगो का किया गया पंजीयन

शहडोल। जनजातीय समुदायों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री जनजातीय न्याय महाअभियान एवं धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत 30 जून तक शहडोल जिले के चिन्हित ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किये जा रहे है। धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत 15 जून से 17 जून 2025 तक की स्थिति में पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत 23, किसान सम्मान निधि योजना के तहत 3,मनरेगा के तहत 37 लोगा का पंजीयन किया गया है।

## बीच सड़क ट्रक पलट जाने से 18 घंटे लगा रहा बुढ़वा के समीप जाम



**विजय मत, शहडोल**

शहडोल से रीवा जाने वाले प्रमुख मार्ग पर बुढ़वा के समीप पिछले 18 घंटों से अधिक समय तक जाम लगा रहा, जिससे यात्रियों और स्थानीय निवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। यह जाम 30 किलोमीटर तक फैला हुआ था, जिससे स्थानीय यातायात व्यवस्था पर गंभीर प्रभाव पड़ा। बीच सड़क ट्रक पलट जाने से यह जाम की स्थिति बनी।
जाम का कारण देवलौंद थाना क्षेत्र में बाणसागर सोन नदी पर बने पुल का हाल ही में हुआ क्षति है, जिसके कारण मार्ग को डायवर्ट किया गया है। अब यातायात बुढ़वा क्षेत्र से होकर गुजर रहा है, जो कि एक सिंगल मार्ग है। इस स्थिति ने यातायात में बाधा उत्पन्न की है, जिससे जाम की स्थिति और भी बिगड़ गई। बुढ़वा में बारिश भी तेज हो रही है, जिसकी वजह से जाम जगह-जगह पर लग रहा है, और लोग परेशान हो रहे हैं, बरसते पानी में थाना प्रभारी के साथ पुलिसकर्मी भीगते हुए लग रहे और जाम को खुलवाया है।
थाना प्रभारी देवलौंद, सुभाष दुबे ने बताया, बुढ़वा बीच सड़क पर एक ट्रक पलट गया गया था। इस कारण सड़क पर जाम की स्थिति उत्पन्न हुई। जैसे ही हमें जानकारी मिली, हमारी टीम मौके पर पहुंच गई और कड़ी मेहनत के बाद ट्रक को हटवाया। सिंगल मार्ग होने के कारण वाहनों की आवाजाही में रुकावट आ रही है। यह जाम शनिवार सुबह 8 बजे से आज बीती रात 2 बजे तक लगा था। जिससे 30 किलोमीटर तक वाहनों की लंबी कतारे लग गई थी। थाना प्रभारी ने कहा हमने मौके पर पुलिस टीम की तैनाती की है कि मार्ग सुचारू रूप से चलता रहे। उन्हेंने कहा बाणसागर सोन नदी पर बना पुल का काम लगभग हो गया है। जल्द ही शुरू हो सकता है, जिससे अब यह समस्या दूर होगी।
सड़क पर रुके यात्रियों में से एक रमेश तिवारी ने कहा, हमने इस स्थिति में बहुत अधिक समय बर्बाद किया। हमें उम्मीद है कि प्रशासन इस मार्ग के सुधार के लिए जल्द से जल्द कदम उठाएगा। वहीं, स्थानीय दुकानदार राधेश्याम ने चिंता जताते हुए कहा, इस जाम ने हमारे व्यवसाय पर भी असर डाला है। अगर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो आने वाले दिनों में यह हमारे लिए बड़ी चुनौती बन सकती है।

### पुलिस द्वारा अवैध कोयले के विरूद्ध कार्यवाही

शहडोल। पुलिस अधीक्षक शहडोल द्वारा अवैध गतिविधियों मे संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही का निर्देश अधीनस्थ स्टाफ को दिया जा रहा है उसी क्रम मे अमलाई पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध कोयला को जप्त किया है।
मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि टिकुरी टोला में बंद खदान के पास झाड़ियों में करीब 20 बोरी कोयला लावारिश हालत में पड़ा है। जिस पर पुलिस द्वारा सूचना की तस्दीक हेतु टिकुरी टोला पहुंचे जहां लगभग 01 टन कोयला लावारिश हालत में पाया गया।

### अवैध शराब जब्त

शहडोल। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में छापेमारी की गई, जिसमें कुल 05 स्थानों पर दबिश दी गई। उक्त कार्रवाई में 30 लीटर अवैध कच्ची शराब जोकि बिक्री करने के प्रयोजन से आरोपियों के कब्जे से जप्त की गई, उक्त मशरूका की कुल कीमत 3,900 रु. है। सभी आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है।

## वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के साथ मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



**विजय मत, शहडोल**

इनरव्हील विराट क्लब के सदस्यों ने वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के साथ मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस जैसा कि इनरव्हील क्लब का उद्देश्य है जरूरतमंद की सहायता और सेवा इसी क्रम में कल्याणपुर वृद्धाश्रम के बुजुर्गों के साथ समय व्यतीत किया और उन्हें योग और ध्यान की आसान मुद्राओं का प्रशिक्षण दिया उन्हें अपने स्वास्थ्य की प्रति जागरूक रहने के लिए समझाया । ध्यान गुरु डॉ अपर्णा उपाध्याय एवं योग प्रशिक्षिका श्रीमती संध्या शर्मा ने बुजुर्गों और क्लब के सदस्यों को भी ध्यान और योग के लाभ के बारे में जानकारी दी
इनरव्हील क्लब के द्वारा बुजुर्गों को उनके निजी साफ सफाई के उपयोग की सामग्री जैसे वाशिंग पाउडर नहाने और कपड़े धोने का साबुन तेल पेस्ट ब्रश तौलिया आदि प्रदान किए। साथ ही क्लब के सदस्यों के सहयोग से केला सेव आम जामुन फल बिस्किट नमकीन भी दिए गए अंत में बुजुर्गों को अल्पाहार कराया गया सभी बुजुर्ग बहुत प्रसन्न हुए सभी सदस्यों ने उनका आशीर्वाद लिया। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष रश्मि जसवानी के साथ सचिव ज्योतिका श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष नीलम गुप्ता अपर्णा उपाध्याय ऊषा सिंघल वसुधा मिश्रा अंजलि बाजपेई संध्या शर्मा कंचन गर्ग सत्यभामा गुप्ता हिमांशी गुप्ता उपस्थित रही

## मास्टर टेनर्स गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करें : मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी

**विजय मत, शहडोल**

भारत निर्वाचन आयोग के राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम अंतर्गत आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी भोपाल में शनिवार को राज्य स्तरीय, जिला स्तरीय और विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर टेनर्स को निर्वाचक नामावली सहित आयोग की विभिन्न गतिविधियों के बारे में प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण सुबह 10 से शाम 6 बजे तक चला। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश श्री सुखवीर सिंह ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया।मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री सिंह ने कहा कि सभी मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण को गंभीरता और जिम्मेदारी लें। यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। यहां से प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद प्रदेश के सभी बीएलओ को प्रशिक्षण दिया जाएगा। लोकतंत्र की सुचिता के लिए मतदाता सूची एक बहुत ही महत्वपूर्ण कड़ी है। मतदाता सूची पूरी तरह से शुद्ध हो, इस पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। बीएलओ भारत निर्वाचन आयोग का सबसे निचले स्तर पर एक महत्वपूर्ण आधार स्तंभ है। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर्स को विधिक प्रावधान एवं निर्वाचक नामावली प्रक्रिया, रोल प्ले, केस स्टडीज, बीएलओ ऐप एवं फॉर्म भरने के अभ्यास का आंकलन तथा शंकाओं का समाधान किया गया।
**प्रशिक्षण के बाद मास्टर ट्रेनर्स का किया गया मूल्यांकन**-आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद मास्टर ट्रेनर्स का मूल्यांकन किया गया। इसके लिए आईआईआईडीईएम से प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके 10 जिलों के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई थी।
प्रशिक्षण कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजेश कुमार कौल, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी शामिल रहे।

**सड़क या सजा, शहडोल के पटेल नगर में कीचड़ से बेहाल लोग, नगर पालिका मौन**

## पटेल नगर की सड़क बनी दलदल, विकास की सड़क गुम

**विजय मत, शहडोल**

नगर के वार्ड नंबर 17, पटेल नगर ( बड़ी भीठ के नीचे ) की सड़कों की हालत बेहद दयनीय है। तस्वीरों में साफ देखा जा सकता है कि यह क्षेत्र किसी पक्की सड़क का नहीं, बल्कि कीचड़ और मलवा से भरी गलियों का रूप ले चुका है। यहां से गुजरना किसी चुनौती से कम नहीं है। सड़क की मरम्मत और निर्माण के नाम पर वर्षों से कोई काम नहीं हुआ है। हर बारिश के बाद स्थिति और भी बदतर हो जाती है।

### मलबे और कीचड़ से बना खतरनाक रास्ता

नगर पालिका द्वारा नालियों की सफाई तो कर दी गई, लेकिन सफाई के बाद निकला मलबा सड़क पर ही छोड़ दिया गया। अब यही मलबा कीचड़ में बदल चुका है। भारी बारिश के बाद पूरा रास्ता जलमग्न हो गया है। फोटो में साफ देखा जा सकता है कि सड़क पर चलना तो दूर, बाइक तक निकालना किसी %जंग जीतने से कम नहीं।



### घरों की निर्माण सामग्री ने बढ़ाई मुसीबत

इलाके में कुछ लोगों द्वारा निर्माण सामग्री जैसे ईंट, बालू व गिट्टी को सड़क के किनारे ही डाल दिया गया है। परिणाम स्वरूप पानी का बहाव रुक गया और कीचड़ चारों ओर फैल गया। इससे मोहल्ले में बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को निकलने में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।

### संक्रमण का खतरा, मच्छरों का आतंक

जलभराव और कीचड़ के चलते क्षेत्र में मच्छरों की भरमार हो चुकी है। स्थानीय निवासी डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों के खतरे से डरे हुए हैं, लेकिन नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हैं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से भी कोई छिड़काव या सफाई अभियान नहीं चलाया गया है।

### स्थानीय नागरिकों की मांग

- सड़क की त्वरित मरम्मत हो।
- नालियों का मलबा अविलंब हटाया जाए।
- निर्माण सामग्री हटाकर आवागमन व्यवस्था सुधारी जाए।
- नियमित दवाओ छिड़काव और सफाई अभियान चलाया जाए।
- समय-समय पर सफाई अभियान चलाया जाए।

**प्रतिभा सम्मान**

**अखिल भारतीय कचेर महासभा द्वारा मेधावी छात्र-छात्राओं का प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न**

## कचेर समाज के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का किया गया सम्मान

**विजय मत, शहडोल**

अखिल भारतीय कल्पवृक्ष कचेर महासभा द्वारा जलसा में रविवार को प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित कर मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एडवोकेट रामाण प्रसाद कचेर, राष्ट्रीय अध्यक्ष शंकर लाल कचेर, अनिल भारतीय कचेर मातृशक्ति संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती जयश्री कचेर, महासचिव रामबदन वर्मा, राजेन्द्र तोमर, संतराम कचेर एवं केशर तोमर मंचासीन रहे।




समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि रामाण प्रसाद कचेर ने कहा कि हमारा समाज अन्य समाजों के पीछे कतार में खड़ा है क्योंकि आज तक हमारे समाज में सांसद विधायक, कलेक्टर कोई नहीं बना। इसलिए जरूरत इस बात की है कि तहसील एवं जिला स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक समाज को संगठित किया जाए।
राष्ट्रीय अध्यक्ष शंकर लाल कचेर ने समारोह के सम्बोधित करते हुए कहा कि समाज के विकास के लिए शिक्षा और संस्कार आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मोबाइल की बिमारी ने बच्चों के विकास को रोक दिया है,इसलिए एक लिमिट से ज्यादा मोबाइल का हस्तेमाल ठीक नहीं है।
समारोह को सम्बोधित करते हुए अखिल भारतीय कचेर मातृशक्ति की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती जयश्री कचेर ने कहाकि बच्चों में शिक्षा के साथ संस्कार जरूरी है। माता पिता ही बच्चों को अच्छे संस्कार दे सकते है। उन्होंने कहा कि मम्मी, पापा की जगह माता-पिता कहना चाहिए। श्रीमती कचेर ने भारतीय संस्कृति एवं परंपरा को अपने जीवन में उतारना चाहिए और पश्चिमी सभ्यता स दूरी बनाना चाहिए। खासतौर पर महिलाओं कोइस बात का ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारा समाज आगे बढ़ेगा तो देश आगे बढ़ेगा। श्रीमती कचेर ने कहा कि समाज में मेधावी छात्र-छात्राओं का प्रतिभा सम्मान समारोह हर जिले में होना चाहिए। समारोह में पूरे देश से सामाजिक बंधु, महिलाएं एवं युवा युवती शामिल हुए। समारोह में भारत प्रसाद कचेर, आतिश कचेर, रवि कचेर एवं प्रवीण कचेर सहित अन्य लोगों की प्रमुख रूप से मौजूदगी रही।

### कक्षा 10वीं एवं 12वीं 60 मेधावी बच्चों का हुआ सम्मान

समारोह में कक्षा 10वीं एवं कक्षा 12वीं के 60 मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। कक्षा 12वीं केजिन छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। उनमें अभिषेक वर्मा चित्रकूट 93.60 प्रतिशत, रिया तोमर देवतालाब रीवा 92 प्रतिशत, भावेश वर्मा भोपाल 91 प्रतिशत, मानसी कचेर सतना 90 प्रतिशत एवं अन्य14 बच्चे शामिल रहे। इसी तरह कक्षा 10वीं के अभिषेक वर्मा सिरमौर रीवा 96 प्रतिशत, प्रिंस कचेर सतना 96 प्रतिशत, सृष्टि कचेर शहडोल 95 प्रतिशत, दीपांजलि तोमर नागौद 95 प्रतिशत एवं अन्य 34 बच्चो को सम्मानित किया गया।

## मिशन वात्सल्य महिला एवं बाल विकास अंतर्गत प्रशिक्षण का किया गया आयोजन



**विजय मत, शहडोल**

कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के निर्देशन व मार्गदर्शन में मिशन वात्सल्य महिला एवं बाल विकास अंतर्गत किशोर न्याय अधिनियम 2015, पॉक्सो अधिनियम 2012 एवं बाल संरक्षण के प्रभावी क्रियान्वय हेतु समस्त परियोजना अधिकारियों,पर्यवेक्षकों,वन स्टाप सेंटर,जिला बाल संरक्षण इकाई,संप्रेक्षण गृह,शिशुगृह आदि के अधिकारियों, कर्मचारियों का एक दिवसीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन जिला पंचायत के सभागार में आयोजित किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास विभाग अखिलेश मिश्रा ने बाल संरक्षण के सम्बन्धित जानकारियों से अवगत कराया। सहायक संचलाक( प्रभारी अधीक्षिका संप्रेक्षण गृह) श्रीमती संजीत भगत ने संप्रेक्षण गृह मे निवासरत विधि विवादित बालिकाओ के पोषण,स्वास्थ्य एवं शिक्षा के संबंध मे विस्तृत जानकारी देते हुए आने वाली चुनौतियों को साझा किया ।
जिला बाल संरक्षण इकाई से संरक्षण अधिकारी उमा शंकर ने पोकसों अधिनियम एवं देखरेख एवं संरक्षण के जरूरतमंद बच्चों हेतु सामाजिक जांच रिपोर्ट तैयार,गृह अध्ययन रिपोर्ट तैयार करने के संबंध मे विस्तार से जानकारी दी गई।

## न्यूज इन शॉर्ट



### पुलिस लाइन में आयोजित हुआ सामूहिक योग अभ्यास, जवानों विभिन्न मुद्राओं किए योग

अनूपपुर। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन अनूपपुर में सामूहिक योग अभ्यास का कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें योग प्रशिक्षक रामनारायण शर्मा द्वारा योग एवं प्राणायाम की क्रियाएं तथा आसन अभ्यास करवाते हुए प्रत्येक आसन का महत्व बताया। योग प्रशिक्षक द्वारा बताया गया कि योग एवं प्राणायाम के नियमित अभ्यास से अनेक व्याधियों को जड़ से समाप्त किया जा सकता है। दिनचर्या में योग को शामिल करने से हमारे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होती है, योग हमें शारीरिक एवं मानसिक मजबूती देता है। विकारों पर नियंत्रण स्थापित करने की शक्ति देता है। योग एवं प्राणायाम के अनेक लाभ है हमें इसे अपनी दिनचर्या में आवश्यक रूप से शामिल करना चाहिए।

### चौपाटी पर कार व बाइक की भिडंत, घायल अस्पताल में भर्ती

कोतमा। कोतमा थाना अंतर्गत रेलवे ब्रिज अटल चौपाटी पर शनिवार की सुबह कार एवं बाइक में भिड़ंत हो गई। जिसमें 41 वर्षीय कोदू गुप्ता गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे स्थानीय लोगों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। बताया जाता है कि कोदू गुप्ता बाइक से बहेराबांध से काम कर वापस अपने घर मुड़धवा पसान जा रहा था। सुबह 7.30 बजे के लगभग तेज रफ्तार से आ रही कार के चालक के बीच दुर्घटना हो गई। दुर्घटना से हाथ, पांव एवं चेहरे पर चोट लगी है। सूचना पर पुलिस ने घटनास्थल पहुंच कर जांच में जुट गई है। पुलिस ने घायल के भाई ओमप्रकाश गुप्ता की शिकायत पर मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 281, 125 बीनएस के तहत मामला दर्ज किया है।

### महिला यात्री के साथ ट्रेन में लूटपाट का असफल प्रयास, हमला

कोतमा। रेल में यात्रा के दौरान महिला यात्री से लूटपाट की असफल कोशिश एवं हमला किए जाने का मामला सामने आया है। बताया जाता है कि रीवा से बिलासपुर की यात्रा के दौरान कटनी रेलवे स्टेशन के आउटर पर खड़ी ट्रेन में अज्ञात बदमाशों ने लूटपाट करने का प्रयास किया। लेकिन महिला के साहस एवं सूझबूझ लूट की कोशिश नाकाम हो गई। घटना के बारे में पीड़िता ने बताया कि नियमित रूप से सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए ट्रेन से यात्रा करती हैं, लेकिन इस प्रकार की घटना पहली बार हुई है। उन्होंने रेलवे सुरक्षा बल से शिकायत करते हुए आरोपियों को चिन्हित करते हुए कार्रवाई की मांग की गई है।

### पेट्रोल भरवाने के दौरान विवाद

कोतमा। कोतमा से गुजरी नेशनल हाईवे 43 पर संचालित पेट्रोल पंप पर देर रात तेल भरवाने पहुंचे युवक के द्वारा नोजल मैन से गाली गलौज कर धमकाने का मामला सामने आया है। घटना के शिकायत पंप प्रबंधक राजेंद्र पाव के द्वारा थाना में की गई है। शिकायत कर बताया गया की रात 11 बजे के बाद सोनू चौधरी निवासी गोहंड्रा पंप पहुंचकर तेल की मांग की थी। कर्मचारी द्वारा मशीन लॉक की बात कहने पर अश्लील गाली गलौज कर जमकर धमकाया गया। शिकायत पर पुलिस के द्वारा जांच की जा रही है।

### मध्यप्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग का जिले में भ्रमण



सीधी। मध्यप्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग भोपाल की सदस्य श्रीमती मेघा पवार का दिनांक 21 जून से 24 जून 2025 तक जिला-सीधी एव सिंगरौली का पूर्व से नियत भ्रमण कार्यक्रम अंतर्गत जिला सीधी में आगमन हुआ है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास सीधी प्रवेश मिश्रा द्वारा बताया गया कि बाल आयोग की सदस्य श्रीमती मेघा पवार का जिले में विभिन्न शासकीय/अशासकीय शैक्षणिक संस्थानों, छात्रावासों एवं बच्चों से संबंधित संस्थाओं के निरीक्षण सहित बच्चों के हित में कार्य करने वाले विभिन्न विभागों यथा महिला एवं बाल विकास, स्कूल शिक्षा विभाग, आदिम जाति कल्याण विभाग, श्रम विभाग, सामाजिक न्याय, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस आदि के साथ बाल संरक्षण के मुद्दे पर जिला स्तरीय समन्वयक बैठक 24 जून 2025 को नियत है।सदस्य श्रीमती मेघा पवार द्वारा 22 जून 2025 को अरूणोदय सेवा संस्था बाल गृह पड़रा जिला-सीधी का औचक निरीक्षण किया गया। संस्था में देख रेख व आवश्यकता बाले बच्चों हेतु उपलब्ध आवासीय सुविधा का अवलोकन किया गया। निवासरत बच्चों से बात कर संस्था में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली गई। श्रीमती पवार द्वारा संस्था में उपलब्ध सुविधाओं का संतोष व्यक्त करते हुए संस्था में निवासरत बच्चों के व्यक्तिगत देख रेख योजना अनुसार पुनर्वास किये जाने एवं विद्यालय में प्रवेश दिलाये जाने का निर्देश दिया गया।बाल गृह के निरीक्षण के दौरान अनुराग पाण्डेय परिवीक्षा अधिकारी महिला एवं बाल विकास सीधी, बालगृह की अधीक्षक निर्मला सिंह एवं अन्य कर्मचारी उपस्थिति रहे।

---

इंजीनियरिंग का अजब नमूना, अजीब है ये अनूपपुर की मॉडल सड़क, नपा से पीडब्ल्यूडी तक सबने किया प्रयोग, करोड़ों खर्च के बाद भी बदहाल

# दो माह बाद भी 500 मीटर लम्बी सड़क अधूरी

**विजय मत, अनूपपुर**

सामतपुर-सोननदी मॉडल सडक् जिला मुख्यालय अनूपपुर की वह सडक् है, जिसके निर्माण में हरेक निर्माण एजेंसी ने अपना अजीबोगरीब प्रयोग अपनाया। सडक् निर्माण में करोड़ों रुपए खर्च हुए, लेकिन सडक् का स्वरूप मॉडल नजर नहीं आ सका। वर्तमान और पूर्व के खर्च के आंकलन के अनुसार सामतपुर से सोननदी पुल तक लगभग 1800 मीटर लम्बी इस सडक् पर नपा और जिला प्रशासन द्वारा लगभग 15-18 करोड़ रुपए तक खर्च किए जा चुके हैं।





सबसे आश्चर्य की बात है कि इसके निर्माण में राजनेता से लेकर प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी के बाद भी उसकी वास्तविक जरूरतों के अनुरूप कायाकल्प नहीं कराया गया। जिसका परिणाम यह है कि सामतपुर तिराहा से लेकर सोननदी पुल तक बनाया गया मॉडल सडक् इंजीनियरिंग की अजीब नमूनागिरी की दुर्दशा बयां कर रहा है। वर्तमान में गोविंदम होटल से पूर्व नपा अध्यक्ष रामखेलावन राठौर के घर तक लगभग 500 मीटर लम्बी बनाई जा रही सडक् भी एक वानकी है, जो दो माह बाद भी पूरा नहीं बन सका है। दो माह से टूटी-फूटी सडक् नागरिकों की परेशानी का सबब बन गई है। सबसे बड़ी समस्या तो रात के समय वहां से गुजरने वाली सैकड़ों की तादाद में राखड़ से भरी भारी वाहन है, जिनके गुजरने के दौरान लगी वाहनों की लम्बी कतार और उनसे उडने वाली धूल वहां से गुजरने वाले बाइक सवार और पैदल यात्रियों के लिए किसी मौत की डगर के सामान नजर आती है। बावजूद सडक् निर्माण को लेकर जिम्मेदार अधिकारियों से लेकर ठेकेदार तक लापरवाह बने हुए हैं।

### इंजीनियरिंग का अजब नमूना, सांप सीढ़ी की ▯ल जैसी ढलाई

वर्तमान में बनाई जा रही लगभग 500 मीटर लम्बी सडक् का काम अप्रैल माह के शुरूआती दिनों से आरंभ हुआ। जिसमें निर्माण एजेंसी पीडब्ल्यूडी विभाग ने स्थानीय ठेकेदार को निर्माण की जिम्मेदारी सौंपी। ठेकेदार की मशीनों ने लाखों की लागत से बने नए डामरीकृत सडक् को उधेडक्र उसके बीच डिवाइडर बनाने का काम आरंभ किया। लेकिन यहां पीडब्ल्यूडी के उपयंत्री और ठेकेदार के इंजीनियर ने इंजीनियरिंग की ऐसी मिशाल पेश की, कि डिवाइडर को मानों सांप सीढ़ी का खेल बना दिया हो। 500 मीटर के दायरे में ही 10 से अधिक गैप प्वाईंट बना डाले, जो कहीं अधिक चौड़ी तो किसी सिकुड़ी बॉल से वहां गुजरने वाली हरेक वाहन के लिए ब्लैक स्पॉट बनता। हालांकि बाद में अधिकारियों की आपत्तियों पर ठेकेदार द्वारा उसे पुनः ढलाई कर आधा से अधिक गैप प्वाईंट को बंद कर दिया गया। लेकिन डिवाइडर की ढलाई ने पीडब्ल्यूडी विभाग और ठेकेदार के इंजीनियरों की काबलियत को बता दिया है कि इनके निर्माण कार्य की दक्षता में किस प्रकार की डिग्री प्राप्त है?

प्रयोगों की स्थली अनूपपुर की मॉडल सडक् वर्ष 2013-14 के दौरान पीडब्ल्यूडी की सडक् को नगरपालिका अनूपपुर द्वारा निर्माण एजेंसी के रूप में बनाने का निर्णय लिया गया, जहां लगभग1300 मीटर लम्बी सडक् के निर्माण में 3 करोड़ से अधिक की बजट वाली सडक् 3 साल उपरांत बनी। लेकिन बजट 6 करोड़ से अधिक का बना। इसके बाद सामतपुर तिराहा से प्रगतिशील ढाबा तक डामरीकृत सडक् बनाया गया, जिसके बाद उसके सोल्डर पर कई करोड़ के पेवर ब्लॉक बिछाए गए। यहां भी जिम्मेदारों की गैर जिम्मेदाराना कार्यशैली रहा जो बिना नाली सडक् बना दिया। इसके लिए करोड़ों के टेंडर में नपा अनूपपुर द्वारा नाली का निर्माण कराया गया। लेकिन आज वह नाली स्थानीय दुकानदारों द्वारा मिट्टी से पाट दिया गया है, क्योंकि नपा ने नाली निर्माण के उपरांत उसके उपर कवर नहीं किया। अब पुनः करोड़ों खर्च के बाद उसी डामरीकृत सडक् को तोड़ते हुए चौड़ीकरण के नाम पर लाखों रुपए का बजट प्रशासन द्वारा खर्च किया जा रहा है। लेकिन यहां भी विभागीय और ठेकेदार के इंजीनियरों का अजीब इंजीनियरिंग का नमूना पेश किया गया है।

## ग्रामों में यातायात व आरटीओ का कैंप, ग्रामीणों के बनाए जा रहे ड्राइविंग लायसेंस

**अब तक तीन गांवों में 127 लोगों का बना लर्निंग लायसेंस**

**विजय मत, अनूपपुर**



ग्रामों में ग्रामीणों की सुविधाओं के लिए यातायात पुलिस और आरटीओ द्वारा लर्निंग लायसेंस बनाए जाने कैंप लगाए जा रहे हैं, ताकि ग्रामीण जिला मुख्यालय व निजी एजेंटे की परेशानी से बचते हुए आसानी से अपना ड्राइविंग लायसेंस बना सके। जिला परिवहन विभाग एवं यातायात अनूपपुर द्वारा अभी तक तीन गांव गोरसी, धिरौल, और मुंडा में लर्निंग लाइसेंस कैंप आयोजित किया है, जहां कुल 127 लोगों को लायसेंस प्रदाय किए गए हैं। वहीं 22 जून को ग्राम मुंडा जनपद जैतहरी में आयोजित कैंप में 27 महिला एवं 25 पुरुष सहित कुल 52 लोगों ने लायसेंस बनवाएं हैं। जिला यातायात प्रभारी ज्योति दुबे और जिला परिवहन अधिकारी सुरेन्द्र सिंह गौतम ने बताया कि यातायात एवं जिला परिवहन विभाग की यह संयुक्त पहल है, जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानीय स्तर पर ड्राइविंग लायसेंस बनवाने की सुविधा बनाई जा रही है। ग्राम मुंडा के सरपंच त्रिवेंद्र सिंह एवं सचिव सुंदर सिंह राठौर द्वारा मांग रखी गई कि अन्य पंचायत की तरह मुंडा पंचायत में भी जन चौपाल एवं लर्निंग लायसेंस कैंप आयोजित किया जाए। जिस पर 22 जून को मुंडा पंचायत में लर्निंग लाइसेंस का कैंप आयोजित किया गया। इसमें स्थानीय युवा एवं महिलाओं ने आकर स्वयं के लर्निंग लायसेंस बनवाए। उन्हें लर्निंग लायसेंस के प्रतिलिपि देते हुए जानकारी दी गई कि एक महीने बाद स्थायी लायसेंस के लिए आवेदन करना होगा और जिला परिवहन कार्यालय से स्थायी लायसेंस प्राप्त करना होगा। कैंप में जिला परिवहन अधिकारी सुरेंद्र सिंह गौतम, यातायात प्रभारी ज्योति दुबे, स्थानीय सरपंच त्रिवेंद्र सिंह, सचिव सुंदर सिंह राठौर, आरक्षक गणेश यादव, आलोक कुशवाहा, आरटीओ ऑफिस से अंकित जायसवाल, आदित्य मिश्रा एवं दीपक उपस्थित रहे।

### सामान्य भविष्य निधि के अंतिम भुगतान हेतु पूर्णतः ऑनलाईन व्यवस्था लागू की गई

सीधी। वरिष्ठ कोषालय अधिकारी ने जानकारी देकर बताया कि कार्यालय आयुक्त, कोष एवं लेखा म.प्र. द्वारा प्रदेश के समस्त कोषालयों में सामान्य भविष्य निधि के अंतिम भुगतान हेतु पूर्णतः ऑनलाईन व्यवस्था दिनांक 21 फरवरी 2025 से लागू की गई है। नवीन प्रक्रिया के अंतर्गत महालेखाकार कार्यालय द्वारा ऑनलाईन अंतिम भुगतान के प्राधिकार पत्र जारी किए जाएंगे। इस संबंध में ई-दक्ष केन्द्र में अभिलेखों को स्कैन करने एवं ऑनलाईन प्रोसेस की हैण्डस ऑन प्रशिक्षण सत्र भी दिनांक 27.02.2025 से दिनांक 06.03.2025 तक आयोजित किये गये हैं।उन्होने जिले के समस्त आहरण संवितरण अधिकारियों को सूचित किया है कि भविष्य में किये जाने वाले सामान्य भविष्य निधि के अंतिम भुगतान की प्रक्रिया को ऑनलाईन ईजीपीएफ प्रेषित किये जावें। साथ ही अंतिम भुगतान प्रकरण महालेखाकार कार्यालय को प्रेषित करते समय पांचवी अनुसूची के साथ सामान्य भविष्य निधि पासबुक को स्पष्ट स्कैन कर अनिवार्य रूप से अटैच करना सुनिश्चित करें।

### रेत का अवैध परिवहन करते वाहन जब्त, चालक और मालिक के खिलाफ मामला दर्ज



**विजय मत, अनूपपुर**

चचाई पुलिस ने 20 जून को मुखबिर की सूचना पर रेत का अवैध परिवहन करते ट्रैक्टर वाहन को जब्त किया है। इस मामले में पुलिस ने चालक और वाहन मालिक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। थाना प्रभारी सुंद्रेश सिंह मरावी ने बताया कि सूचना प्राप्त हुई कि ट्रैक्टर सुथना नाला से रेत लोड कर ग्राम मेडियारास तरफ ले जा रहा है। सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई तो ट्रैक्टर क्रमांक एमपी18 एए 7324 से अवैध रेत परिवहन करते पाया गया। चालक का नाम पता पूछने पर अपना नाम होनहार जायसवाल पिता रमेश जायसवाल उम्र 26 वर्ष निवासी धिरौल का होना बताया। रेत परिवहन के संबंध में दस्तावेज मांगने पर कोई दस्तावेज नहीं होना बताया तथा ट्रैक्टर मालिक के कहने पर सुथना नाला से रेत लोड करना बताया। मौके से ट्रैक्टर-ट्राली रेत भरी कुल कीमत 7 लाख 3000 रुपए जब्त कर आरोपी ट्रैक्टर चालक होनहार जायसवाल एवं वाहन मालिक सोमांचल जायसवाल दोनों निवासी धिरौल थाना चचाई के खिलाफ धारा 303(2) 317(5) बीएनएस एवं 4/21 खान खनिज अधिनियम के तहत अपराध पंजीकृत कर विवेचना में लिया है।

## नशा मुक्ति अभियान के तहत निकाली रैली, नशा से दूर रहने की अपील

**विजय मत, कोतमा**




नशा मुक्ति को लेकर महिला बाल विकास विभाग के द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें रैली नशा मुक्ति के स्लोगन के साथ ही लोगों को जागरूक करते हुए नशे के दुष्परिणामों के बारे में दीवार लेखन भी करवाया जा रहा है। महिला बाल विकास परियोजना कोतमा अंतर्गत नगर पालिका के वार्ड क्रमांक 09 मे नशा मुक्त भारत अभियान के तहत वार्ड में रैली निकालते हुए नशा से होने वाले दुष्परिणाम के संबंध मे जागरूक किया गया। जिसमें लोगों को नशा से दूर रहने के साथ ही नारे के माध्यम से बताया गया कि नशा छोडो रिश्ता जोड़ों, नशा से परिवार बिखरते हैं नशा छोडो जियो मस्ती से। कोतमा को नशा मुक्त बनाना है। रैली मे मिश्रीलाल जायसवाल, अंजली मिश्रा, मीरा कोल, संजय चतुर्वेदी, कुंजबिहारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नाजरा बेगम, सहायिका एलिशा फातिमा सहित वार्डवासी शामिल रहे।

### मजदूरी मांगने पर धमकी, थाने में शिकायत

कोतमा। कोतमा थाना अंतर्गत एक ठेकेदार द्वारा घर निर्माण कार्य करने के बाद अपनी मजदूरी मांगे जाने पर मकान मालिक राजेश व उसकी पत्नी के द्वारा मजदूर के साथ अभद्रता और धमकी दिया गया। घटना को लेकर भोलाराम ने शिकायत थाना में की गई है। बताया जाता है कि पीएम आवास आने पर राजेश और उसके परिजन ने सेटिंग सामान लोहा प्लेट, बल्ली एवं राफ्टर किराया से लिया था। इसके बाद निर्माण हो जाने और सामान वापस लेने के बाद किराए के पैसा मांगने पर दोनों लोगों द्वारा आनाकानी करते हुए गाली गलौज करते हुए अब मारने पीटने पर उतारू हो रहे हैं। पुलिस के द्वारा शिकायत की जांच की जा रही है।

## पति की लम्बी आयु की कामना लिए महिलाओं ने की सुहागली माता की पूजा

**विजय मत, कोतमा**



कोतमा में सुहागन महिलाओं के द्वारा अपने पति की लंबी आयु एवं परिवार की खुशहाली की कामना लिए प्रीति ताम्रकार द्वारा पंचायती मंदिर में एकत्र कराकर सुहागली माता की पूजा अर्चना करते हुए मंगल गीत गाए। प्रीति ताम्रकार बैरियर चौक के द्वारा 51 सुहागन महिलाओं को पूजा के लिए आमंत्रित किया गया। जहां सभी महिलाएं एकसाथ व्रत रहते हुए विधि विधान से सुहागली माता की पूजा की गई। सुबह से व्रत रखकर महिलाओं द्वारा पूजा स्थल पर सुहाग की सामग्री चूड़ी, बिंदी, सिंदूर एवं अन्य सामग्री के साथ गुड़,चना का भोग लगाया। पूजन अर्चन के बाद सुहागली कथा सुनाई गई। महिलाओं द्वारा एक दूसरे को सुहागन की सामग्री चूड़ी,बिंदी, सिंदूर, महावर देकर अखंड सुहाग की कामना की गई। ढोलक की थाप पर संगीत भी गाया गया। नवविवाहित महिलाएं बड़ों से आशीर्वाद भी लिया। पूजा के दौरान प्रीति ताम्रकार, गोल्डी ताम्रकार, शिवा ताम्रकार, संगीता ताम्रकार, दीप्ति जायसवाल, नीतू सोनी, रजनी,स्वाती, मीनाक्षी सहित अन्य महिलाएं शामिल रही।

---

**भ्रष्टाचार** उचित मूल्य दुकान धनखोरी में फिर से खाद्यान्न चोरी होने को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं चल रही हैं

# उचित मूल्य दुकान से 103 क्विंटल खाद्यान्न चोरी

**विजय मत, सीधी**

जमोड़ी थाना अंतर्गत शासकीय उचित मूल्य दुकान धनखोरी से बीती रात 103 खाद्यान्न चोरी हो गया। तत्संबंध में सेल्समैन लालबहादुर सिंह ने जमोड़ी थाना में की गई लिखित रिपोर्ट में कहा कि 20 जून को दुकान खोलकर खाद्यान्न का वितरण किया गया। खाद्यान्न वितरण के उपरांत नया खाद्यान्न 103 बोरी चावल रात 8 बजे रखवाया और पुराना स्टाक सहित गिनती कर दुकान बंद करने के पश्चात गृहग्राम खिरखोरी चला गया। अगले दिन 21 जून को जब उचित मूल्य दुकान पहुंचा तो देखा कि दुकान का ताला टूटा है और चावल 84.27 क्विंटल एवं गेंहू 18.73 क्विंटल गायब है। जिसके बाद गांव वालों को बुलाकर जानकारी दी तथा अपने उच्च अधिकारियों को सूचना दी। उधर उचित मूल्य दुकान धनखोरी में फिर से खाद्यान्न चोरी होने को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं चल रही हैं। पूर्व में भी उक्त दुकान से खाद्यान्न चोरी हो चुका है।




### क्या ट्रक लेकर आए थे चोर

जमोड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम धनखोरी में शासकीय उचित मूल्य दुकान से अनाज चोरी होने के मामले में तरह तरह के सवाल खड़े हो रहे हैं, ग्रामीणों के अनुसार विक्रेता द्वारा जो 103 क्विंटल अनाज चोरों की बात कहीं जा रही है उसमें सच्चाई नहीं है, इस बात पर फोकस इस लिया जा रहा है कि चोर क्या अनाज चोरी करने के लिए ट्रक लेकर आए थे और अगर ट्रक लेकर आए थे तो जिस रात यह घटना बताई जा रही है उसी रात दुकान के समीप ही एक किसान द्वारा अपने खेत को बराबर करने के लिए जेसीबी मशीन एवं ट्रैक्टर लगाया गया था, जब इस संबंध में उनसे पूछताछ की गई तो उन्होंने बताया कि मेरे सामने कोई वाहन नहीं खड़ा हुआ है। चोरी हुई है या नहीं इसके बारे में मुझे जानकारी नहीं है। वहीं अन्य ग्रामीणों ने बताया कि इस तरह चोरी की बात विक्रेता द्वारा पूर्व में भी कही जा चुकी हैं, इसकी सच्चाई क्या हैं यह तो जांच के बाद ही खुलासा होगा लेकिन चोरी की इस घटना पर लोगों को विश्वास नहीं हो रहा है।

### थाने में दी गई चोरी की सूचना

उचित मूल्य दुकान धनखोरी से चोरी गए अनाज की शिकायत विक्रेता लाल बहादुर सिंह द्वारा जमोड़ी थाने में दी गई है। जमोड़ी पुलिस सेल्समैन की शिकायत पर मामले को जांच में लिया है। सूत्र बताते हैं कि शासकीय उचित मूल्य दुकान धनखोरी में खाद्यान्न चोरी की यह कोई पहली घटना नहीं है, इसके पूर्व भी इस दुकान से खाद्यान्न चोरी हो चुका है।

# अब बीसीसीआई की अनुमति के बाद ही जीत का जश्न मना सकेंगे राज्य क्रिकेट बोर्ड

**मुम्बई, एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने कर्नाटक में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की जीत के बाद जश्न के दौरान मची भगदड़ से सबक लेते हुए अब सख्त दिशानिर्देश जारी किये हैं। पिछले माह आरसीबी के इस जश्न के दौरान बेंगलुरु के चिदांबरम स्टेडियम में 11 लोगों की मौत हो गयी थी। बीसीसीआई का कहना है कि भविष्य में ऐसी घटना दोबारा नहीं हो इसके लिए अब सभी राज्यों के क्रिकेट बोर्डों को नियमों का पालन करना पड़ेगा। इसके तहत जीत के बाद कोई भी इवेंट या रोड शो के लिए बीसीसीआई से अनुमति लेनी होगी।

बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने पुष्टि की कि बोर्ड बेंगलुरु भगदड़ मामले को पूरी गंभीरता से ले रहा है और भविष्य में किसी भी हादस से बचने के लिए हर बात पर गंभीरता से विचार किया है। सैकिया के अनुसार आईपीएल के बाद जश्न मनाने के लिए सभी टीमों को उसके नियमों का पालना करना होगा। इसके तहत

कोई भी टीम ट्रॉफी जीतने के 3 से 4 दिन तक समारोह आयोजित नहीं कर सकेगी। जल्दबाजी में




किसी जश्न का आयोजन नहीं होगा और खराब प्रबंधन से वह बच नहीं सकेगी। किसी भी इवेंट के आयोजन से पहले टीमों को बीसीसीआई से औपचारिक अनुमति लेनी होगी। बोर्ड की मंजूरी के बाद ही कोई इवेंट आयोजित किया जाएगा। किसी भी इवेंट में 4 से 5 स्तर की सुरक्षा होगी। इर स्तर पर एक स्थल यात्रा के दौरान बीच में होना चाहिये।

एयरपोर्ट से इवेंट स्थल तक सुरक्षा की व्यवस्था होनी चाहिए जिससे किसी प्रकार की अव्यस्था नहीं होनी चाहिये। खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के लिए पूरे इवेंट के दौरान सुरक्षा व्यवस्था होनी चाहिये। जिला पुलिस, राज्य सरकार और स्थानीय प्रशासन से इवेंट के लिए अनुमति जरुरी रहेगी। इवेंट को सुरक्षित रूप से आयोजित करने के लिए नागरिक और कानून प्रवर्तन निकायों की भी अनुमति जरुरी रहेगी। वहीं इससे पहले कर्नाटक सरकार ने भी जश्न को लेकर कड़े दिशानिर्देश दिये थे जिन्हें तोड़ने प जुर्माने के साथ ही सजा भी मिलेगी।

**फुटबॉल**



कैलीफेर्निया में फीफा क्लब विश्वकप में खेलते हुए रिवर प्लेट और सीएफ मोंटेरी के खिलाड़ी।

# बल्लेबाजी स्टाइल में बदलाव से शुभमन बेहतर हुए: कोटक

**लीड्स, एजेंसी**

इंग्लैंड दौरे की शुरुआत में ही भारतीय क्रिकेट टीम के नये कप्तान शुभमन गिल ने शानदार शतक लगाया है। इससे अंदाजा होता है कि शुभमन के हौंसले बुलंद हैं। भारतीय टीम के बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने भी कहा है कि शुभमन की बल्लेबाजी बेहतर होने का कारण बल्लेबाजी स्टाइल में बदलाव करना रहा है। कोटक के अनुसार शुभमन ने ऑस्ट्रेलिया दौरे में अपनी खराब बल्लेबाजी से सबक लेते हुए अपनी तकनीक में कई बदलाव किए हैं जिसका लाभ उन्हें मिला है। साथ ही कहा कि अभ्यास के दौरान ही जब वह नेट्स में बल्लेबाजी कर रहे थे तो उनमें बदलाव देखा गया था।

कोटक ने कहा, ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद उन्होंने कुछ चीजों के बारे में विवार कर उनपर अमल किया। ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद चैंपियंस ट्रॉफी और फिर आईपीएल था, इसलिए वह शुभमन पर अधिक ध्यान नहीं दे पाये थे पर ये साफ है कि उन्होंने कुछ चीजों पर काम किया और जैसे ही मैंने उन्हें नेट्स में देखा, मैंने उनसे बात की कि 'आपने कुछ बदलाव किए हैं' और उन्होंने हां कहा। उन्हें इस बात का श्रेय जाता है कि उन्होंने अपना विश्लेषण किया और मुझे लगता है कि उन्होंने इसे बहुत अच्छी तरह से लागू भी किया।



शुभमन ने ऑस्ट्रेलिया में तीन टेस्ट खेलकर पांच पारियों में केवल 93 रन बनाए थे। वहीं अब कप्तानी करते हुए उन्होंने एक ही पारी में इससे अधिक रन बना लिए हैं। उनकी 147 रनों की पारी से भारतीय टीम पहली पारी में 471 रन तक पहुंची हैं जिसके जवाब में इंग्लैंड ने दूसरे दिन तीन विकेट पर 209 रन बनाये।

वहीं उन्होंने आक्रामक बल्लेबाज ऋषभ पंत के बारे में भी कहा कि वह अपनी अपनी योजनाएं खुद बनाते हैं और तय करते हैं कि कैसे खेलना है और फिर बल्लेबाजी करते जिन्होंने यहां पहली ही पारी में 178 गेंदों पर 134 रन बनाए। साथ ही कहा कि ऋषभ की ये पारी सामान्य शैली से थोड़ी अलग थी पर ये उनकी योजना का ही हिस्सा था। वह पिछले कुछ समय से रन नहीं बना पाये थे जिसको देखते हुए अन्होंन इस पारी में अपना अंदाज बदला है। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया दौर में उनपर लापरवाही से बल्लेबाजी के आरोप लगे थे।

# बुमराह को बार-बार गेंदबाजी के लिए लगाने से उनपर दबाव पड़ेगा : कार्तिक

**लीड्स, एजेंसी**

पूर्व क्रिकेटर दिनेश कार्तिक ने कहा है कि मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पर जरुरत से अधिक दबाव नुकसानदेह रहेगा। बुमराह ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के दूसरे दिन ने 13 ओवर गेंदबाजी की थी और तीन विकेट लिए थे। वहीं अन्य गेंदबाज मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, रवींद्र जडेजा और शार्दुल ठाकुर ने 36 ओवर किये पर एक भी विकेट नहीं ले पाये। ऐसे में विकेट के लिए बार-बार उन्हें लाना पड रहा था। कार्तिक ने इसी को लेकर चिंता जताई और कहा है कि कप्तान को बुमराह पर ज्यादा दबाव नहीं डालने अन्य गेंदबाजों को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करना होगा। इस पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज ने कहा, बुमराह और बाकी गेंदबाजों के बीच बहुत ज्यादा अंतर रहा। इंग्लैंड के बल्लेबाजों को देखकर लग रहा था कि वे किसी प्रका बुमराह का स्पेल निकला देना चाह रहे थे जिससे उनके पास बाद के ओवरों में अधिक अच्छा अवसर रहे।' इससे भारतीय कप्तान पर दबाव पड़ेगा और वह बुमराह के पास जाएंगे।' साथ ही कहा कि बुमराह को अपने शरीर का भी ध्यान रखना होगा।




कार्तिक ने साथ ही कहा,क्र ऑस्ट्रेलिया दौरे के पांचवें टेस्ट में थकान के कारण ही बुमराह ने कप्तानी की दौड़ से अपने को बाहर कर लिया था। उन्होंने इंग्लैंड दौरे के पहले ही घोषणा कर दी है कि वह इस सीरीज में केवल तीन टेस्ट ही खेल सकते हैं। एक दिन में जब बड़ी मुश्किल से 60 ओवर फेंके जाते हैं तब बुमराह ने पहले ही दिन 13 ओवर फेंक दिए। इससे साफ है कि हर बार जब आपको विकेट की जरूरत होती है, तो बुमराह को लाना पड़ा।क्र कार्तिक ने साथ ही कहा, वह हमेशा टीम के लिए अधिक से अधिक विकेट लेते हैं। इसलिए आप उस आदत में पड़ जाते हैं पर दूसरों को निश्चित रूप से प्रेरित करने का तरीका अब कप्तान को तलाश होगा। वहीं अन्य गेंदबाजों को भी कहना होगा कि मैं तैयार हूं, मुझे गेंद दो, यह मेरी योजना है, मैं गेंदबाज करना चाहता हूं।

# इंग्लैंड के तेज गेंदबाज मार्क वुड की टेस्ट सीरीज में वापसी की उम्मीद

## आखिरी मुकाबले को बनाया लक्ष्य

**लंदन, एजेंसी**

भारत के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेल रही इंग्लैंड टीम को तेज गेंदबाजों की चोट ने परेशान कर रखा है। 20 जून से शुरू हुए पहले टेस्ट में भी इंग्लैंड अपनी पूरी ताकत के साथ मैदान पर नहीं उतर सका। अब टीम के अनुभवी पेसर मार्क वुड ने अपनी संभावित वापसी को लेकर बड़ी जानकारी दी है। घुटने की सर्जरी के बाद रिहैबिलिटेशन से गुजर रहे वुड को उम्मीद है कि वह 31 जुलाई से ओवल में खेले जाने वाले सीरीज के पांचवें और आखिरी टेस्ट तक फिट होकर चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे। 35 वर्षीय मार्क वुड को साल की शुरुआत में चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान बाएं घुटने में चोट लगी थी, जिसके बाद मार्च में उनकी सर्जरी कराई गई थी। वुड ने एक मीडिया से बात करते हुए कहा, ÷रिहैब अच्छा चल रहा है। मैंने हल्की गेंदबाजी शुरू कर दी है, इसलिए अब मैं वापसी की राह पर हूं।÷



वुड ने माना कि वह अब भी भारत के खिलाफ इस सीरीज में खेलने की उम्मीद लगाए बैठे हैं और उनकी नजरें सीरीज के आखिरी टेस्ट पर टिकी हैं। उन्होंने कहा, ÷मुझे अब भी इस सीरीज में खेलने की उम्मीद है, इसलिए मैं उन खिलाड़ियों पर नजर रख रहा हूं जिनसे मेरा सामना हो सकता है। मेरा ध्यान फिलहाल पांचवें टेस्ट पर है।÷

हालांकि उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि ओवल टेस्ट में खेलना तय नहीं है और अंतिम फैसला उनकी फिटनेस पर निर्भर करेगा। ÷हो सकता है कि मैं आखिरी टेस्ट में भी नहीं खेल पाऊं, लेकिन मेरा पूरा ध्यान इस पर है कि मैं उस मैच में टीम के लिए योगदान दे सकूं,÷ वुड ने कहा।

# बिजनेस

### सोयाबीन व मूंगफली का दाम न्यूनतम समर्थन मूल्य से 10-15 प्रतिशत नीचे रहे

# बीते सप्ताह सरसों, पाम-पामोलीन, बिनौला तेल में तेजी, मूंगफली में गिरावट रही

**नई दिल्ली, एजेंसी**

बीते सप्ताह घरेलू तेल-तिलहन बाजार में पाम-पामोलीन और सोयाबीन तेल, सरसों तेल-तिलहन के भाव में तेजी का रुख रहा। वहीं मूंगफली तेल-तिलहन में गिरावट देखी गई। बाजार के जानकारों ने कहा कि सोयाबीन डी-आयल्ड केक (डीओसी) के अच्छे दाम नहीं मिलने और तेल पेराई मिलों की मांग में कमजोर रहने से सोयाबीन तिलहन के भाव पिछले सप्ताहांत के स्तर पर स्थिर रहे। बाजार के जानकारों ने कहा कि देश का तेल-तिलहन कारोबार मुख्यत÷ शिकॉगो और मलेशिया एक्सचेंज के उतार-चढ़ाव से प्रभावित होता है, जहां लगभग पूरे सप्ताह तेजी बनी रही। विदेशी बाजारों की इस तेजी की वजह से कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा सोयाबीन तेल कीमतों में समीक्षाधीन सप्ताह में सुधार आया। लेकिन सोयाबीन डीओसी के बेहतर दाम नहीं मिलने की वजह से देशी पेराई मिलें सोयाबीन खरीद में कम दिलचस्पी ले रही हैं। इसके अलावा हाजिर बाजार में सोयाबीन के साथ-साथ मूंगफली



का दाम न्यूनतम समर्थन मूल्य से 10-15 प्रतिशत नीचे है। समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन दाने और सोयाबीन लूज के थोक भाव क्रमश÷ 4,425-4,475 रुपये और 4,175-4,225 रुपये प्रति क्विंटल पर स्थिर बने रहे। वहीं सोयाबीन दिल्ली का दाम 100 रुपये बढ़कर 12,700 रुपये, सोयाबीन इंदौर तेल का दाम 150 रुपये बढ़कर 12,550 रुपये और सोयाबीन डीगम तेल का दाम 50 रुपये तेज होकर 9,700 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। मूंगफली फसल मंडियों में आने के बीच समीक्षाधीन सप्ताह में मूंगफली तेल-तिलहन के दाम गिरावट के साथ बंद हुए। मूंगफली तिलहन का दाम 50 रुपये टूटकर 5,675-6,050 रुपये क्विंटल, मूंगफली तेल गुजरात और मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड तेल का भाव क्रमश÷ 150 और 25 रुपये की गिरावट के साथ क्रमश÷ 13,650 रुपये क्विंटल और 2,210-2,510 रुपये प्रति टिन पर बंद हुआ। वहीं सीपीओ तेल का दाम 100 रुपये बढ़कर 14,725 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। पामोलीन दिल्ली का भाव 150 रुपये बढ़कर 12,550 रुपये प्रति क्विंटल तथा पामोलीन एक्स कांडला तेल का भाव 100 रुपये बढकर 11,500 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में बिनौला तेल भी 150 रुपये बढ़कर 13,400 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।

## पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं

**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम स्थिर है। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार देश में रविवार को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर पर रहा। वैश्विक स्तर पर सप्ताहांत पर अमेरिकी क्रूड 0.73 प्रतिशत उबलकर 74.04 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। वहीं, लंदन ब्रेंट क्रूड 0.40 प्रतिशत की तेजी लेकर 77.32 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। दिल्ली पेट्रोल 94.72, डीजल 87.62 रुपए प्रति लिटर, मुंबई में पेट्रोल 104.21, डीजल 92.15 रुपए प्रति लिटर, चेन्नई पेट्रोल 100.75, डीजल 92.34 रुपए प्रति लिटर और कोलकाता में पेट्रोल 103.94, डीजल 90.76 रुपए प्रति लिटर बिक रहा है।

## इस साल दो खदान से उत्पादन शुरू करेगी सीसीएल

**रांची ।** कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) की इकाई सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) चालू वित्त वर्ष में दो नई कोयला खदानों से उत्पादन शुरू करने की तैयारी कर रही है। कंपनी के एक प्रमुख अधिकारी ने कहा कि इससे कंपनी की उत्पादन क्षमता में सालाना एक से 1.2 करोड़ टन बढ़ेगी। जिससे सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड का लक्ष्य चालू वित्त वर्ष में 11 करोड़ टन और 2030 तक 15 करोड़ टन उत्पादन के आंकड़े को पार कर सकता है। सीसीएल के अधिकारी ने यहां मीडियाकर्मियों से बातचीत के दौरान कहा कि हमने इस साल दो नई खदानें खोलने की योजना बनाई है। कंपनी की योजना अक्टूबर तक 50 लाख टन (एमटी) की अधिकतम क्षमता वाले कोटरे बसंतपुर ब्लॉक (कोकिंग कोयला खान) में उत्पादन शुरू करने की है। वहीं 1.5 करोड़ टन सालाना क्षमता की खुली चंद्रगुप्त खान परियोजना (गैर-कोकिंग कोयला) के मामले में उत्पादन मार्च, 2026 तक शुरू होने की उम्मीद है। कंपनी ने बीते वित्त वर्ष 2024-25 में 8.75 करोड़ टन कोयले का उत्पादन किया। यह सीसीएल का अबतक का सबसे ऊंचा सालाना उत्पादन है।

## डीजीसीए ने एयर इंडिया के निरीक्षणों, लेखा परीक्षा का मांगा ब्योरा

**मुंबई।** विमानन सुरक्षा नियामक डीजीसीए ने उड़ान संचालन निरीक्षकों से 2024 से एयर इंडिया के लिए किए गए निरीक्षणों और लेखा परीक्षा का ब्योरा प्रस्तुत करने को कहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक उन्होंने कहा कि निरीक्षणों और लेखा परीक्षा के निष्कर्षों का ब्योरा रविवार तक जमा करना होगा। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने ई-मेल के जरिए भेजे गए संदेश में 2024 और 2025 के लिए ये विवरण मांगे हैं। नियामक ने इससे एक दिन पहले एयरलाइन को उड़ान कार्य समय सीमा (एफडीटीएल) के उल्लंघन के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया था और कुछ खामियों के लिए एयरलाइन के तीन वरिष्ठ अधिकारियों को उनके पदों से हटाने का आदेश दिया था। ईमेल के अनुसार नियोजित और अनियोजित निरीक्षण, लेखा परीक्षा, कॉकपिट/मार्ग, स्टेशन सुविधा, रैंप और केबिन निरीक्षण आदि पर विवरण मांगा गया है।

## भारतीय बाजार में बिक्री बढ़ाने यूरोपीय ब्रांड कर रहे संघर्ष

**नई दिल्ली।** पिछले तीन वित्त वर्षों में भारतीय बाजार में यूरोपीय ब्रांडों की बिक्री में गिरावट देखी जा रही है। यूरोप के प्रमुख वाहन ब्रांड रेनो, फॉक्सवैगन और स्कोडा भारतीय बाजार में अपनी उपस्थिति बढ़ाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। वैश्विक वाहन उद्योग को आंकड़े और विश्लेषण उपलब्ध कराने वाली एक कंपनी ने कहा कि भारत में रेनों की बिक्री में बड़ी गिरावट देखी गई है। भारतीय बाजार में कंपनी की बिक्री 2024-25 में घटकर 37,900 इकाई रह गई। यह आंकड़ा 2023-24 में 45,439 इकाई और 2022-23 में 78,926 इकाई था। इसी तरह स्कोडा की भारतीय बाजार में बिक्री 2024-25 में 44,866 इकाई रही।

# म्युचुअल फंड के नियमों में बड़े बदलाव की योजना बना रहा सेबी

- निवेशकों के लिए आसान और पारदर्शी सिस्टम बनाया जाएगा

**मुंबई, एजेंसी**

सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) म्यूचुअल फंड के नियमों में बड़ा बदलाव करने पर विचार कर रहा है। इसका मकसद निवेशकों के लिए प्रक्रिया को सरल बनाना और इंडस्ट्री को और मजबूत करना है। सेबी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने हाल ही में कोलकाता में इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स (आईसीसी) के 17वें म्यूचुअल फंड सम्मेलन में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मौजूदा नियम काफी जटिल और लंबे हैं, जिन्हें सरल करने की जरूरत है ताकि निवेशकों की बदलती जरूरतों और इंडस्ट्री की नई तकनीकों के साथ कदम मिलाया जा सके। उन्होंने बताया कि सेबी ने म्यूचुअल फंड नियमों की समीक्षा शुरू कर दी है। जल्द ही नए नियमों का ड्राफ्ट तैयार किया जाएगा, जिस पर लोगों से राय ली जाएगी। हालांकि, उन्होंने नए नियम लागू होने की कोई समयसीमा नहीं बताई। इसके अलावा म्यूचुअल फंड में सलाहकारी सेवाओं से जुड़े नियमों पर भी एक परामर्श पत्र तैयार किया जा रहा है। सेबी का लक्ष्य है कि म्यूचुअल फंड भारत के वित्तीय बाजार को और मजबूत करें और निवेशकों का भरोसा बढ़ाएं। सेबी ने




निवेशकों को ज्यादा विकल्प देने के लिए एक नई प्रोडक्ट श्रेणी एसआईएफ को मंजूरी दी है। यह उन निवेशकों के लिए है जो 10 लाख से 50 लाख रुपये तक का निवेश करना चाहते हैं। म्यूचुअल फंड को इस प्रोडक्ट को संभालने की जिम्मेदारी दी गई है क्योंकि उनके पास मजबूत ढांचा और खुदरा निवेशकों का अनुभव है। साथ ही पोर्टफोलियो मैनेजमेंट सर्विसेज और ऑल्टरनेटिव इनवेस्टमेंट फंड के लिए भी तेजी से रजिस्ट्रेशन की सुविधा शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि भारत का म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री तेजी से बढ़ रहा है। इस समय इसका कुल एयूएम 72 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा है और हर महीने एसआईपी के जरिए 28,000 करोड़ रुपये का निवेश हो रहा है। लेकिन 140 करोड़ की आबादी में सिर्फ 5 करोड़ लोग ही म्यूचुअल फंड में निवेश कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि 2017 के बाद सेबी के निवेशक जागरूकता अभियान से म्यूचुअल फंड निवेशकों की संख्या बढ़ी है।

# इजरायल-ईरान संघर्ष, कच्चे तेल की कीमतों से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

- वैश्विक रुख और विदेशी निवेशकों का कारोबार भी शेयर बाजार को प्रभावित करेगा

**मुंबई, एजेंसी**

इस सप्ताह घरेलू शेयर बाजार की दिशा इजरायल-ईरान संघर्ष और इससे वैश्विक आपूर्ति प्रभावित होने और कच्चे तेल की कीमतों से तय होगी। विश्लेषकों का कहना है कि वैश्विक रुख और विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियां शेयर बाजार की चाल पर प्रभाव डालेगी। एक विशेषज्ञ ने कहा कि बीते सप्ताह पश्चिम एशिया के संघर्ष और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल को नजरअंदाज करते हुए शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुआ। इस सप्ताह वैश्विक संकेतक बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेंगे। इसमें ईरान और इजरायल के बीच भू-राजनीतिक तनाव, अमेरिकी आर्थिक आंकड़े और फेडरल रिजर्व के अधिकारियों की टिप्पणियों पर सभी की नजर रहेगी। उन्होंने कहा कि घरेलू स्तर पर निवेशक मानसून की प्रगति, मासिक अनुबंधों के निपटान से संबंधित अस्थिरता, कच्चे तेल की



कीमतों और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की गतिविधियों पर नजर रखेंगे। बाजार के जानकारों ने कहा कि भू-राजनीतिक अभी अनिश्चितता बनी हुई है। निवेशक अमेरिका के आगामी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर और व्यक्तिगत उपभोग खर्च के आंकड़ों पर भी कड़ी नज़र रखेंगे। इसके अलावा उनकी नजरें भारत के खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) के आंकड़ों पर भी रहेगी। निवेशक अमेरिका के विनिर्माण और सेवा पीएमआई आंकड़ों के अलावा भू-राजनीतिक मोर्चे पर आगे के घटनाक्रमों पर नजर रखेंगे। उन्होंने कहा कि अप्रैल में विदेशी पोर्टफोलियो निवेश की प्रवृत्ति में उलटफेर हुआ तथा मई में इसमें काफी मजबूती आई। मई में दर्ज किया गया निवेश पिछले आठ महीनों में सबसे अधिक रहा, जो भारतीय बाजारों में विदेशी निवेशकों की बढ़ती रुचि को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद इजरायल और ईरान के बीच संघर्ष सहित अन्य भू-राजनीतिक घटनाक्रमों की वजह से जून में बाजार में सतर्कता के साथ आशावादी रुख देखने को मिल रहा है।

### आपातकाल की 50वीं बरसी पर होंगे कार्यक्रम

## 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' मनाएगी बीजेपी, भोपाल केन्द्रीय मंत्री सीआर पाटिल होंगे शामिल

**विजय मत, भोपाल**

25 जून को बीजेपी संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाएगी। 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा लगाए गए आपातकाल के दिन पर बीजेपी हर साल आपातकाल दिवस का आयोजन करती रही है। इस बार 25 जून को संविधान हत्या दिवस का नाम दिया गया है।



### हर जिले में होंगे कार्यक्रम

25 जून को मध्यप्रदेश में बीजेपी ने 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में कार्यक्रम मनाने की तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस कार्यक्रम का नाम 'आपातकाल के अध्याय के 50 वर्ष' रखा गया है। बीजेपी ने प्रदेश स्तर से लेकर जिला स्तर तक कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई है। 25 जून को हर जिले में कार्यक्रम होंगे। प्रदेश भर में होने वाले कार्यक्रमों में वक्ता के रूप में केंद्रीय मंत्री, बीजेपी के राष्ट्रीय पदाधिकारी, मुख्यमंत्री और मंत्री अलग-अलग जिलों में जाकर आपातकाल की विभीषिका बताएंगे।

### हर जिले में लगेगी प्रदर्शनी

कार्यक्रम में प्रदेश संयोजक और भोपाल सांसद आलोक शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि 25 जून को संविधान की हत्या हुई थी। 25 जून आपातकाल का काला अध्याय है। बीजेपी सभी जिला मुख्यालय पर संविधान हत्या दिवस पर 'आपातकाल के अध्याय के 50 वर्ष' कार्यक्रम कर रही है।

### सुधांशु त्रिवेदी इंदौर में होंगे शामिल

बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और सांसद सुधांशु त्रिवेदी इंदौर जिले के कार्यक्रम में शामिल होंगे। केन्द्रीय मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार सागर, बीजेपी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडे ग्वालियर, केन्द्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर उज्जैन, केन्द्रीय मंत्री डीडी उईके नर्मदापुरम के कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### केन्द्रीय मंत्री सीआर पाटिल होंगे शामिल

25 जून को भोपाल में होने वाले संविधान हत्या दिवस के कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री सीआर पाटिल बतौर मुख्य वक्ता शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में मीसाबंदियों का सम्मान किया जाएगा।

### कांग्रेस ने कहा- आरएसएस ने मुख्यालय पर तिरंगा फहराने से परहेज किया

बीजेपी के संविधान हत्या दिवस मनाने पर कांग्रेस प्रवक्ता स्वदेश शर्मा ने कहा- बीजेपी की मातृ संस्थाRSS ने अपने मुख्यालय पर तिरंगा फहराने से हमेशा परहेज किया। संविधान की प्रतियां जलाई। आज वही बीजेपी संविधान की हत्या दिवस किस मुंह से मना रही है। जिन लोगों ने संविधान को तार-तार किया, संविधान को तोड़ने वाले संविधान हत्या दिवस मना रहे हैं।

## वैदिक सनातनी ज्योतिष महामंथन से समाज को मिलेगा लाभः राजेन्द्र शुक्ल



**विजय मत, भोपाल**

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि वैदिक सनातनी ज्योतिष महामंथन सम्मेलन में ज्योतिष के ज्ञान और अनुभव का लाभ सामज को मिलेगा। यह सम्मेलन इस क्षेत्र के लिए एक उपलब्धि साबित होगा। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय रीवा प्रकोष्ठ के सभागार में वैदिक सनातनी ज्योतिष महामंथन सम्मेलन का शुभारंभ किया। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि हमारी प्राचीन संस्कृति से ही ज्योतिष का विशेष महत्व रहा है। ज्योतिष के माध्यम से सटीक गणना का आकलन करने की विधि सर्वमान्य रही है। उन्होंने कहा कि इस ज्योतिष यात्रा में जो ज्ञान और अनुभव मिलेंगे उससे समाज और जनसामान्य का कल्याण होगा। सांसद जनार्दन मिश्र ने रीवा में हो रहे ज्योतिष महामंथन के लिए अपनी शुभकामनाएँ दी। सम्मेलन में अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, पूर्व महापौर वीरेन्द्र गुप्त, पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी सहित देश के ख्याति प्राप्त ज्योतिषाचार्य तथा विद्वान उपस्थित रहे।

### न्यूज इन शॉर्ट

#### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्रद्धेय भंडारी जी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, श्रद्धेय सुंदर सिंह जी भंडारी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि युवाओं को मां भारती के लिए समर्पण के संस्कार प्रदान करने, जनसेवा और संगठन की सुदृढ़ता के लिए भंडारी जी ने जीवन समर्पित कर दिया। उनके विचार सदैव प्रेरणा देते रहेंगे।

#### सरकारी मेडिकल कॉलेज में हर मृत्यु का ऑडिट, अस्पतालों में किए गए इलाज पर रिसर्च

**भोपाल।** नेशनल मेडिकल काउंसिल की गाइडलाइन के आधार पर डायरेक्टर मेडिकल एजुकेशन ने एक एक्शन प्लान तैयार किया है। डॉ अरुण कुमार ने जानकारी देते हुए कहा, सरकारी मेडिकल कॉलेज में किसी भी मरीज की मौत पर मेडिकल रिसर्च होगी। मध्य प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेज में जिन मरीजों की मौत होगी। उनका साइंटिफिक एनालिसिस किया जाएगा। मौत की वजह को पता लगाने, किए गए इलाज, दी गई दवा तथा मरीज के ऊपर उसका असर सभी की जांच होगी। इस तरह के विश्लेषण से मौत के कारण का पता लगाया जाएगा। सारी जानकारी एक फॉर्मेट में तैयार की जाएगी। इस कार्य के लिए एमबीबीएस और पीजी के छात्रों की सेवाएं, मेडिकल कॉलेज में अनिवार्य की गई है। मध्य प्रदेश के प्रत्येक सरकारी मेडिकल कॉलेज की इससे रैंकिंग तैयार होगी। इसके लिए रिसर्च स्टूडेंट को आउटकम वेबसाइट अपडेट और डाटा रिपोर्टिंग से संबंधित कार्यों पर फोकस किया जाएगा। नई नीति से जहां छात्रों की पढ़ाई, इलाज और सर्जरी के लिए अनुभव बेहतर होगा। एकीकृत ट्रेनिंग हेल्थ और मेडिकल एजुकेशन विभाग के मर्जर होने के बाद राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, आयुष्मान भारत, स्किल लेब, मृत्यु प्रमाणन और मेडिकल पॉलिसी जैसे विषयों पर बेहतर प्रशिक्षण संभव हो सकेगा। 1 साल में दो बार फैकल्टी के लिए ट्रेनिंग भी आयोजित की जाएगी।

#### प्रेस्टिज इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च, भोपाल में एआईसीटीई प्रायोजित उद्यमिता एवं स्टार्टअप पर 6-दिवसीय एफडीपी का सफल समापन

**भोपाल।** प्रेस्टिज इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च, भोपाल में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा अनुमोदित एवं प्रायोजित उद्यमिता एवं स्टार्टअप शिक्षाः सिद्धांत से व्यावहारिक अनुप्रयोग तक विषय पर आयोजित 6-दिवसीय ऑफलाइन संकाय विकास कार्यक्रम का समापन समारोह गरिमामय तरीके से संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य संकाय सदस्यों को उद्यमिता और स्टार्टअप के क्षेत्र में नवीनतम ज्ञान एवं व्यावहारिक कौशल प्रदान करना था। कार्यक्रम में देश भर के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के 50 से अधिक संकाय सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी की। समापन सत्र में मुख्य अतिथि सुखबीर सिंह, निदेशक एवं प्रमोटर, एक्स्ट्रानेट टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड ने आईटी का भविष्य विषय पर उद्यमिता एवं स्टार्टअप के संदर्भ में विशेष व्याख्यान दिया। ग्रुप डायरेक्टर डॉ. अनिल बाजपाई ने कहा कि आईटी एक उभरता हुआ क्षेत्र है और आईटी अपडेट के बिना व्यापार की वृद्धि संभव नहीं है। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. ऋचा जैन ने बताया कि यह संकाय सदस्यों को अपने छात्रों में उद्यमिता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सह-समन्वयक सुश्री गुंजन शर्मा ने जोड़ा कि इन सत्रों के माध्यम से संकाय और छात्रों को स्टार्टअप कार्य योजना के दौरान वित्तीय सहायता प्राप्त करने के तरीकों की जानकारी मिली।

### भोपाल-इंदौर समेत 22 से ज्यादा जिलों में बारिश

## महाकाल मंदिर परिसर में छत से पानी रिसाव मंदसौर में थाने की छत का प्लास्टर गिरा

**विजय मत, भोपाल**

मध्यप्रदेश में मानसून की बारिश जारी है। रविवार को प्रदेश के 22 से ज्यादा जिलों में पानी गिरा। मौसम विभाग के अनुसार, टीकमगढ़ में 9 घंटे के दौरान 2 इंच बारिश हो गई। मंडला में डेढ़ इंच, नर्मदापुरम में 1.4 इंच, ग्वालियर में 1 इंच, भोपाल-रायसेन में पौन इंच बारिश दर्ज की गई। भोपाल में रविवार सुबह कई इलाकों में बारिश हुई। इसके बाद दिनभर रुक-रुककर बारिश होती रही।

बालाघाट के मलाजखंड में आधा इंच से ज्यादा पानी गिरा। वहीं, रतलाम, पचमढ़ी में आधा इंच बारिश हुई। बैतूल, धार, इंदौर, ग्वालियर, नर्मदापुरम, शिवपुरी, उज्जैन, छिंदवाड़ा, दमोह, खजुराहो, निवाड़ी, सागर, सिवनी, उमरिया समेत कई जिलों में बारिश का दौर जारी रहा। उज्जैन के श्री महाकालेश्वर मंदिर में पालकी हॉल से एम्बुलेंस गेट तक निर्मित टनल परिसर की छत का पीओपी रविवार सुबह 8 बजे अचानक गिर गया। कुछ दिन से टनल परिसर की छत से पानी का रिसाव हो रहा था, जिससे पीओपी ने छत छोड़ दी। इधर, मंदसौर के गरोठ में भी थाने की छत का प्लास्टर बारिश के चलते गिर गया। हालांकि इसमें किसी को चोट नहीं पहुंची।



### उज्जैन में सुबह हल्की बारिश, बादल छाए

उज्जैन में रविवार सुबह 6 बजे से 9 बजे तक रुक-रुक कर हल्की बारिश होती रही। इसके बाद से ही आसमान में बादल छाए हुए है। शासकीय जीवाजी वेधशाला में रात का न्यूनतम तापमान 23.8 दर्ज हुआ है। वहीं शनिवार को दिन का अधिकतम तापमान 31.5 दर्ज किया गया था।

### अशोकनगर-मुंगावली-मल्हारगढ़ रोड पर बह रहा पानी

अशोकनगर जिले में लगातार तीन-चार दिनों से बारिश हो रही है। जिले के मुंगावली में सबसे अधिक बारिश हुई है। मुंगावली-मल्हारगढ़ रोड पर 2 से 3 फीट पानी आ गया।

### ग्वालियर में रिमझिम बारिश का दौर

ग्वालियर में रविवार सुबह के बाद दोपहर को भी रिमझिम बारिश का दौर जारी है। बीच में एक घंटे के लिए धूप खुली थी, लेकिन फिर बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने अगले दो दिन तेज बारिश की चेतावनी दी है।

### मंदसौर के गरोठ में थाने की छत गिरी

मंदसौर के गरोठ में थाने की छत बारिश के चलते गिर गई। हालांकि इसमें किसी को चोट नहीं आई।

### ओरछा में बीते 24 घंटे में 115 मिमी बारिश

निवाड़ी जिले में बीते 24 घंटे में ओरछा तहसील में सबसे अधिक 115 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। वहीं पृथ्वीपुर में 55 मिमी और जिला मुख्यालय निवाड़ी में 43 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है। यह बारिश जिले के किसानों और जलस्रोतों के लिए अच्छी मानी जा रही है।

***24 घंटे में 8 इंच पानी गिरने की संभावना...*** *मौसम विभाग के अनुसार, रविवार को ग्वालियर, मुरैना, श्योपुर, शिवपुरी और पन्ना में अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। 24 घंटे में 8 इंच तक पानी गिर सकता है। भिंड, दतिया, गुना, अशोकनगर, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, सागर, दमोह, सतना, रीवा, मऊगंज में भारी बारिश का अलर्ट है। भोपाल, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर समेत प्रदेश के अन्य जिलों में आंधी और बारिश का दौर जारी रहेगा।*

## सरकारी स्कूलों के गुरुजी अब गायब नहीं हो सकेंगे, 23 से 30 जून तक ऑनलाइन हाजिरी का होगा परीक्षण




**विजय मत, भोपाल**

मध्य प्रदेश की सरकारी स्कूलों में पढ़ाने वाले शिक्षकों के स्कूल से गायब रहने की लगातार हो रही शिकायत के बाद शिक्षा विभाग ने इस वर्ष ऑनलाइन अटेंडेंस की व्यवस्था बनाई है। जिसका ट्रायल कल से शुरू किया जाएगा। ऐसे में सरकारी स्कूलों से अब गुरुजी गायब नहीं रह पाएंगे। उनको कक्षाओं में पढ़ाना ही होगा, तभी उनकी हाजिरी लगेगी। नवीन पोर्टल पर शिक्षक विद्यालयों में पहुंचकर एक घंटे के अंतराल में ऑनलाइन अटेंडेंस दर्ज करेंगे। अटेंडेंस का यह नियम 1 जुलाई 2025 से लागू कर दिया जाएगा।

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा बनाए गए पोर्टल पर शिक्षक विद्यालयों में पहुंचकर एक घंटे के अंतराल में ऑनलाइन अटेंडेंस दर्ज करेंगे। जब छुट्टी होगी तब आधा घंटा पूर्व या बाद में ई-उपस्थिति लगेगी।

### कटेगा आधे दिन का वेतन

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा बनाए गए पोर्टल पर जब छुट्टी होगी तब आधा घंटा पूर्व या बाद में ई-उपस्थिति लगेगी। निर्धारित समय सीमा के पश्चात उपस्थिति दर्ज करने पर आधे दिन का आकस्मिक अवकाश दर्ज किया जाएगा। पोर्टल 3.0 पर हमारे शिक्षक ई गवर्नेंस प्लेटफार्म के अंतर्गत 23 से 30 जून तक ट्रायल किया जाएगा।

### पहले भी किया गया था प्रयास

दअरसल प्रदेश के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की अटेंडेंस को लेकर सवाल खड़े होते रहते हैं। पिछले दिनों सागर, नर्मदापुरम सहित कई जिलों में ऐसे शिक्षक पकड़े गए, जो अपनी जगह पर दूसरों से पढ़ाई करवा रहे थे। वहीं कुछ शिक्षक स्कूलों के निर्धारित समय पर नहीं पहुंचते हैं। स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से 2017, 2020 और 2022 में आनलाइन उपस्थिति शिक्षा मित्र एप के जरिए शुरू की गई थी, लेकिन शिक्षकों ने इस प्रक्रिया का विरोध किया।

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर आज भोपाल के प्रत्येक बूथ पर होंगे कार्यक्रमः रविंद्र यति

- मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश संगठन महामंत्री और जिलाध्यक्ष भोपाल में अर्पित करेंगे पुष्पांजलि

**विजय मत, भोपाल**



भारतीय जनता पार्टी जिला भोपाल द्वारा जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान? दिवस के अवसर पर 23 जून को भोपाल के प्रत्येक मंडल के सभी बूथ पर कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद जी 23 जून सोमवार को प्रातः 10.00 बजे भाजपा प्रदेश कार्यालय के पास स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे।

इस अवसर पर माननीय मंत्री विश्वास कैलाश सारंग, माननीय मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर, प्रदेश उपाध्यक्ष व सांसद आलोक शर्मा, प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी, हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा, महापौर श्रीमती मालती राय व पार्टी के वरिष्ठ नेता विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

वहीं पार्टी पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि सहित कार्यकर्ता जिले के प्रत्येक बूथ पर डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी का पुण्य स्मरण कर श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे।

## अखिल भारतवर्षीय हैहय कलचुरि महासभा का 90वां स्थापना दिवस 2-3 अगस्त को

**भोपाल।** अखिल भारतवर्षीय हैहय कलचुरि महासभा, जो कलचुरी समाज की सबसे प्राचीन और संगठित संस्था मनी जाती है अपने गौरवशाली 90वें स्थापना दिवस का आयोजन आगामी 2 व 3 अगस्त 2025 को एलएनसीटी विश्वविद्यालय परिसर, कोलार रोड, भोपाल में करने जा रही है। यह कार्यक्रम समाज की एकता, जागरूकता और संगठनात्मक मजबूती का परिचायक होगा। गौरतलब है कि महासभा की नींव 1911 में कुन्दनलाल जायसवाल (दिल्ली) और स्व. फूलचंद जायसवाल (नीमच) की अध्यक्षता में प्रयाग में हुए कलचुरि समाज के महासम्मेलन रखी गई थी। इसके बाद समय-समय पर हुए कई राष्ट्रीय अधिवेशन हुए लेकिन दिसंबर 1926 में जबलपुर अधिवेशन में अध्यक्ष व महान इतिहासकार डॉ. काशीप्रसाद जायसवाल व सचिव राय बहादुर डॉ. हीरालाल राय के मार्गदर्शन में जिसमे अखिल भारतवर्षीय हैहय कलचुरि महासभा का पंजीयन 03 अगस्त 1935 को हुआ।

## संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा की स्थापना के समर्थन में 25 को ग्वालियर में उपवास

### कांग्रेस के वरिष्ठ नेता होंगे शामिल

**विजय मत, ब्यूरो, ग्वालियर**



आज ग्वालियर में आयोजित पत्रकार वार्ता में मध्य प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक ने संविधान के मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा की स्थापना के समर्थन में 25 जून को ग्वालियर में सूर्या नमस्कार तिराहा,पर 1 दिवसीय उपवास का आयोजन किया जा रहा है।

इस उपवास में मध्यप्रदेश कांग्रेस के प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी सहित कांग्रेस के अनेक वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता सम्मिलित होंगे। नायक ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि - जिस व्यक्ति ने इस देश को संविधान दिया, उस डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा ग्वालियर हाईकोर्ट परिसर में स्थापित होनी चाहिए, और इस पर कोई विरोध नहीं किया जाना चाहिए। इस विषय को जातिगत संघर्ष का रूप देने की कोशिश करने वालों की हम कड़ी आलोचना करते हैं। उन्होंने आगे कहा - कांग्रेस का रुख साफ है - पार्टी ना तो जातिवाद के साथ है, और ना ही किसी जाति विशेष के खिलाफ। कांग्रेस संविधान, संविधान निर्माता और सामाजिक न्याय के पक्ष में खड़ी है। नायक ने यह भी जोड़ा कि कोई भी ऐसा विचार जो सर्वकालिक और सर्वव्यापी न हो, वह इस देश में टिक नहीं सकता। इस उपवास के माध्यम से यह संदेश पूरे प्रदेश और देश को दिया जाएगा कि संविधान और सामाजिक समरसता से बड़ा कोई एजेंडा नहीं हो सकता।

उक्त पत्रकार वार्ता में शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ देवेंद्र शर्मा ग्रामीण कांग्रेस के अध्यक्ष प्रभु दयाल जोहरे प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता प्रवीण धौलपुरे, धर्मेंद्र शर्मा,आर पी सिंह, राम पांडेय, राहुल राज, अम्बिका शर्मा, प्रियंका शर्मा, सफाई कामगार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष जयराज चौहान शहर जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष महाराज सिंह पटेल शहर जिला कांग्रेस के प्रवक्ता पीयूष जैन आदि उपस्थित थे।

## महापौर मालती राय के सौजन्य से मूक-बधिर बच्चों ने देखी फिल्म 'सितारे जमीन पर'

### महापौर राय ने भी बच्चों के साथ लिया फिल्म का आनन्द

**विजय मत, भोपाल**



महापौर मालती राय के सौजन्य से मूक-बधिर बच्चों ने फिल्म ''सितारे जमीन पर'' का आनन्द लिया। महापौर राय ने भी बच्चों के साथ बैठकर फिल्म देखी और कहा कि हर एक बच्चा सितारे की तरह है और आज बच्चों के चहरे पर एक अलग ही चमक दिखाई दे रही है। महापौर मालती राय के सौजन्य से रविवार को राजधानी के ज्योति सिनेमा में लगभग 200 मूक-बधिर बच्चों ने फिल्म ''सितारे जमीन पर'' देखी। महापौर राय ने भी बच्चों के साथ बैठकर फिल्म का आनन्द लिया। महापौर राय ने कहा कि टॉकीज में मूक-बधिर बच्चों के साथ फिल्म देखने में एक अलग ही अनुभूति हुई। बच्चों की मुसकाने, उनके ठहाके और खुशियों की चमक हर कोने में बिखरी हुई थी। एक सुनेहरी सुबह अनाथालय के मूक-बधिर बच्चों व समाज सेवियों ने महापौर के प्रति आभार भी व्यक्त किया। इस मौके पर सुश्री मीता वाधवा, डॉ.प्रिया भावे आदि भी मौजूद थे।

**विजय मत एंकर** एम्स में दुर्लभ ब्लड ग्रुप वाले मरीज की हुई जटिल हृदय सर्जरी

## हृदय के वॉल्व को बदलकर बचाई मरीज की जान

**विजय मत, भोपाल**

एम्स भोपाल में कार्डियोथोरेसिक एवं वैस्कुलर सर्जरी (सीटीवीएस) विभाग ने एक जटिल एवं दुर्लभ सर्जरी सफलतापूर्वक की। इस सर्जरी से सीहोर जिले के 44 वर्षीयई मरीज का उपचार किया गया जो पिछले 6 माह से सीने में दर्द और घबराहट की समस्या से पीड़ित थे।

मरीज ने कई अस्पतालों में परामर्श लिया जहां जांच में पाया गया कि मरीज की छाती की महाधमनी में लगभग 8-10 सेमी का एओर्टिक एन्यूरिज्म (महाधमनी की सूजन) है जो धीरे-धीरे बढ़ता जा रहा था एवं कभी भी फट सकता था। इसके अलावा मरीज का एओर्टिक वॉल्व (हृदय का वॉल्व) भी अत्यधिक लीक कर रहा था।

इस बीमारी के इलाज के लिए मरीज को कृत्रिम महाधमनी एवं कृत्रिम एओर्टिक वॉल्व लगाने की आवश्यकता थी (बेंटॉल सर्जरी) जो कि एक अत्यधिक जटिल सर्जरी है। इसके साथ ही मरीज का रक्त समूह अत्यंत दुर्लभ बी-नेगेटिव था जिस कारण यह सर्जिकल प्रक्रिया और भी अधिक चुनौतीपूर्ण थी।



### ब्लड चढ़ाने की नहीं पड़ी आवश्यकता

इस अत्यंत जटिल सर्जरी के दौरान रक्त समूह की दुर्लभता के बावजूद भी मरीज को रक्त चढ़ाने की आवश्यकता नहीं पड़ी। जो विशेषज्ञ चिकित्सकीय टीम की उच्च सर्जिकल दक्षता, समन्वय और समर्पण को दर्शाता है। इस उच्च जोखिम वाली सर्जरी को सफलतापूर्वक संपन्न करने वाली टीम में डॉ. योगेश के. निवारिया, डॉ. एम. किशन, डॉ. सुरेंद्र सिंह यादव, डॉ. राहुल शर्मा, डॉ. विक्रम वट्टी एवं डॉ. आदित्य सिरोही सम्मिलित थे।

### मरीजों को ऐसी सर्जरी के लिए दूसरे राज्यों में जाना पड़ता था

एम्स के डायरेक्टर डॉ.अजय सिंह ने कहा, यह मामला एम्स भोपाल की क्लीनिकल एक्सीलेंस का उत्कृष्ट उदाहरण है। एक अत्यंत दुर्लभ रक्त समूह वाले मरीज पर इतनी जटिल और उच्च जोखिम वाली हृदय सर्जरी करना एम्स भोपाल की मध्य प्रदेश के लोगों को विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने की प्रतिबद्धता एवं उत्कृष्टता को दर्शाता है। यह उल्लेखनीय है कि यह संपूर्ण जटिल चिकित्सा उपचार आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत निःशुल्क उपलब्ध कराया गया, जिससे यह जनसामान्य के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रहा है। मध्य प्रदेश के जिन मरीजों को पहले जटिल सर्जरी के लिए राज्य के बाहर के उच्च केंद्रों में रेफर किया जाता था, वे अब एम्स भोपाल में इलाज करा सकेंगे। यह न केवल एम्स भोपाल की बढ़ती क्षमता को दर्शाता है बल्कि इसकी उपलब्धियों पर गर्व की भावना भी पैदा करता है।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक सीता शुक्ला द्वारा जेयन ऑफसेट वर्क्स, 119 इनारा हाऊस रायसेन रोड भोपाल-462023 म.प्र. से मुद्रित एवं ई.एम.एस. 21 इंडस टाउन, होशंगाबाद रोड, मिसरोद, भोपाल म.प्र. से प्रकाशित, संपादक-सीता शुक्ला, प्रधान संपादक- विजय शुक्ला मो.-8889977997
आर.एन.आई.-पंजीयन नंबर MPHIN/2015/66998, (*समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार) सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र भोपाल होगा। Email-vijaymat.bhopal@gmail.com